हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



## खबर संक्षेप

### न्योता भोज का आयोजन

**जेवरतला रोड।** पूर्व माध्यमिक शाला बोईरडीह में मातृ नवमी के उपलक्ष्य में शाला अध्यक्ष डिगामदास साहू ने सभी बच्चों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चे के साथ सरपंच अंकालूराम सहारे, पंच दिलीप कुमार साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बलराम करसेल, हिलेश्वर कुमार साहू, नीलिमा वैष्णव, तुलसा लोनहारे आदि शामिल हुए।





### कथा वाचक को दिया न्योता

**डोंगरगढ़।** श्रीराम कथा के अंतरराष्ट्रीय वाचक राजन महाराज को मां बमलेश्वरी के दर्शन करने सिद्ध गोपाल नरेड़ी एवं मोनू बिंदल ने आमंत्रित किया। वह निमंत्रण देने भिलाई पावर हाउस पहुंचे थे।

### ग्रामीणों ने किया सफाई

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीण मंडल भाजपा ने पांच ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया। कन्हारगांव में मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, जैन मेश्राम, मनीष सोनी के नेतृत्व में सफाई किया गया। कार्यक्रम में सरपंच अल्का जैन कुमार मेश्राम, श्यामलाल कंवर, शंकर पटेल, हुमन वर्मा, कांता पटेल, मुकेश पटेल, जगत वर्मा, युवराज कंवर, तोमेश पटेल, ललित यादव, चलतू, मुन्ना यादव, रन्नू विश्वकर्मा, हेमू पटेल, विष्णु साहू, लालसिंह साहू, हेमसिंह पटेल, प्रीतम कुंजाम, भूपेंद्र कुंजाम, दयाल कंवर, धीरजाबाई, अमरीका कुंजाम, पूनम पोर्ते, अमिला पटेल, हीराबाई साहू, पूर्णिमा साहू, जितेंद्र कंवर, देहरा यादव सहित अन्य शामिल हुए।



### राजनीति विज्ञान विभाग ने किया वृक्षारोपण

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान विभाग ने 15 सितंबर को वृक्षारोपण किया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जांबुलकर ने वृक्षारोपण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण को कम करने और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण जैव विविधता को बढ़ावा देता है, क्योंकि वृक्ष विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं के लिए आवास उपलब्ध कराते हैं।



### स्वच्छता की शपथ

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य आरके देवांगन ने विद्यार्थियों और समस्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्वच्छता को अपने व्यवहार में लाने कहा ताकि शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू उपस्थित थे।




### अफसरों ने किया मौका मुआयना

**डोंगरगढ़।** क्वांर नवरात्रि के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा एवं मंदिर प्रांगण में लगने वाले मीना बाजार, यातायात, पार्किंग व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में प्रशिक्षु आईएएस एम भार्गव, अनुविभागीय अधिकारी एके तिवारी, एडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह, एसडीओ पीडब्ल्यूडी एचएल सोनकाले, इंजीनियर दिनेश कुमार ने मौके पर जाकर पार्किंग स्थल, छिरपानी मार्ग, नीचे मंदिर मार्ग, अंडरब्रिज मार्ग, मीनाबाजार स्थल का निरीक्षण किया।



### धूमधाम से मनाया भगवान विश्वकर्मा जयंती

**ठेलकाडीह।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। निर्माणी श्रमिकों और कारीगरों के आराध्य भगवान विश्वकर्मा की जयंती को लेकर अंचल में उत्साह का माहौल रहा। विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। ग्राम चवेली महरूम खुर्द स्थित आईबी कंपनी में धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस मौके पर जनपद सदस्य मंजू चंदेल, यशवंत वर्मा, सरपंच अजीत महिपाल, उपसरपंच डोमर वर्मा, सीनियर मैनेजर नितिन कल्पांडे, एडमिन सीआर साहू, मैनेजर उत्तम सिन्हा, रमेश वर्मा, चैनकुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप, मुआवजे की मांग

# बोया चना, दर्ज किया गेंहू, किसान वंचित हुए फसल बीमा के लाभ से

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धौराभाठा के आश्रित ग्राम बुन्देलीखुर्द एवं ग्राम पंचायत डोम्हाटोला के आश्रित ग्राम बुन्देलीकला के किसानों ने सहकारी समिति पदुमतरा के प्रबंधक पर गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। किसानों ने शिकायत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2024-25 में समिति से चना बीज क्रय कर बुआई किया था। उन्होंने नियमानुसार फसल बीमा कराया था किन्तु प्रबंधक की गलती से चना के बजाय गेहूँ का बीमा प्रविष्ट कर दिया गया जिसके चलते किसान बीमा राशि से वंचित हो गए।

किसानों ने बताया कि जिन किसानों का बीमा सही हुआ था उन्हें प्रति एकड़ लगभग 10 हजार क्षतिपूर्ति बीमा कंपनी द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन जिन किसानों का गलत बीमा हुआ था उन्हे बीमा राशि नहीं मिली है। किसानों ने इस त्रुटि को गंभीर लापरवाही बताते हुए प्रबंधक पर कार्रवाई और उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बुंदेलीकला के रामखिलावन वर्मा पिता भरोसाराम ने 5.03 एकड़, डाकवर ठाकुर पिता रामचरण एक एकड़, लेखराम वर्मा पिता पल्टन वर्मा 14.20 एकड़, खिलेश वर्मा पिता जमुनालाल वर्मा 15.25 एकड़, नरेश वर्मा पिता भारतलाल वर्मा निवासी बुन्देलीखुर्द 4.25 एकड़, भारत वर्मा पिता राजाराम वर्मा बुंदेलीखुर्द 4 एकड़, साहूकार वर्मा पिता केजनाथ वर्मा ग्राम बुंदेलीखुर्द 18.10 एकड़, चन्द्रहास वर्मा पिता साहूकार वर्मा बुंदेलीखुर्द ने 3.22 एकड़ फसल का बीमा कराया था। इन किसानों को बीमा का लाभ नहीं मिला है।



#### बीमा राशि की मांग

किसानों ने उपायुक्त सहकारिता राजनांदगांव को ज्ञापन सौंपकर प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई और सभी प्रभावित किसानों को बीमा राशि प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि संबंधित खसरा नंबरों की अनावरी रिपोर्ट में भी चना फसल दर्ज है जो उनके दावे की पुष्टि करता है। जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा, मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष टाकेश सिन्हा समेत अन्य किसानों ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में भागवत प्रथम




**डोंगरगांव।** स्थानीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस के मौके पर प्राचार्य डॉ एके धमगाये के निर्देशन में विज्ञान विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान ओजोन परत, क्षरण, मानव एवं जीव-जन्तुओं पर प्रभाव एवं रोकथाम के विषय पर भाषण, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर एवं संस्कृति प्रभारी पूरन लाल थे। मुख्य वक्ता चंचल स्टेला कुजूर ने सभी पहलूओं पर जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को ओजोन परत के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार भागवत साहू, द्वितीय पुरस्कार हेमलता वैष्णव, तृतीय पुरस्कार रवि खोब्रागढ़े ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष रेणुका ठाकुर, एमएल नायक, कमलेश टेबुंलकर, जॉनसन प्रसाद चौधरी, पवन देवांगन, नरेश साहू, गौरव देवांगन, अर्चना देवांगन, सारिका टण्डन ने ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

## साहू समाज की ग्रामीण इकाई का गठन

**पटेवा।** ग्राम पटेवा में साहू समाज की ग्रामीण इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। चुनाव को पारदर्शी बनाने के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति किया गया है जो गांव में जाकर चुनाव करा रहे हैं।

इसी क्रम में इरईकला में भी चुनाव संपन्न हुआ जिसमें पर्यवेक्षक हीरालाल साहु,राधे साहु, राजेश साहु, केदार साहु, चरण साहु, खेमलाल साहु, भीषम साहु उपस्थित थे। ग्राम इरईखुर्द में अध्यक्ष भीषम साहु, उपाध्यक्ष छन्नु साहु, अन्य पदाधिकारी दामिनी साहु, राधे साहु, लेखनी साहू, विजय साहु, दिलिप साहु, बुद्धू साहु, खोमलाल, देवा साहू, फेंकू साहू, गैंद साहु, मोहन साहु, विवेक साहु, मुकेश साहु आदि को चुना गया। इसी प्रकार दर्रा में अध्यक्ष धनराज साहु, उपाध्यक्ष मनी साहू, अन्य हेमलता साहू, भगवती साहु, परानिया साहु, संतोष साहू, खेमलाल साहु, नरेश साहु, रमेश साहू, चैन साहु, बाला साहु, मदन साहु, रामलाल, ईश्वर, सोना, लता साहु, इरईकला में सर्वसम्मति से अध्यक्ष शोभा साहु, उपाध्यक्ष सीवनदास साहु, फलेश्वरी साहु, संगठन सचिव कमल, तुलसी साहु, अन्य हुलास साहु, डेहर साहु, श्यामलाल, थानू साहू, कृष्णा साहु, हिरेन्द साहु, डोमार साहु, लेखदास साहु, जीवराखन साहु, लक्ष्मण साहु, नूतन साहु, किरण साहु, जयराम साहु, सदाराम साहु चुने गए है।

## नीरज विद्या मंदिर में मना हिंदी दिवस

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में हिंदी दिवस गरिमा के साथ मनाया गया। हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य अंजुम जहान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिक्षाविद् नीरज बाजपेयी ने कहा कि हिंदी हिन्दुस्तान की भाषा है और इसे देश के सिंहासन पर बैठाना होगा। श्रीमती बाजपेयी ने हिंदी की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर हिंदी की सेवा करनी होगी। कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने बहादुर शाह जफर एवं दुष्यन्त कुमार की गज़लें प्रस्तुत किया। इस दौरान सोनल बाजपेयी, दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़यिा, समीर पोद्दार, कुंतल बाजपेयी, प्रशासक जी राम सिन्हा, लोकेश शर्मा, रेखा निषाद, सरिता साहू, चित्ररेखा धनकर, नंदनी साहू, धन्नी साहू सहित अन्य मौजूद थे। यह जानकारी नवीन देवांगन ने दी।



## उल्लास से मनाया जन्मदिन



**लाल बहादुर नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। लाल बहादुर नगर मंडल के मोतीपुर में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर चाकलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर रामाधीन देवांगन, बोधीराम सेन, लोकु साहू, येदुराम, बिशेसर बागड़े, फुलनबाई, कांतिबाई, जवाहरलाल साहू, रोमन साहू, बुधरू वर्मा, रामाधार देवांगन आदि उपस्थित थे।

## वन्य प्राणियों का शिकार रोकने गंभीर नहीं अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ उप वन मंडल अंतर्गत जंगलों ने वन्य प्राणियों के शिकार के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। बीते सालों में कई वन्य प्राणियों का शिकार किया जा चुका है।

मामला सुर्खियों में आने के बाद भी वन विभाग के उच्च अधिकारियों ने शिकार पर अंकुश लगाने के लिए कभी गंभीरता नहीं दिखाया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में जंगली सूअर, नील गाय, कोटरी, भालू आदि के शिकार की घटनाएं सामने आ चुकी है।

जंगली जानवरों के शिकार, मांस की बिक्री की खबर भी हरिभूमि प्रकाशित कर चुका है। इसी प्रकार जंगलो में अवैध कटाई, अवैध उत्खनन और ईंट भट्टे संचालन के मामले भी सामने आते रहे हैं। इन मामलों से कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहा है।



#### सालों से जमे हैं कर्मचारी

जानकारी के अनुसार कई कर्मचारी लगभग 20 साल से पदस्थ हैं। कुछ कर्मचारी प्रमोशन के बाद तबादला होने पर भी राजनितिक पहुंच के दम पर जमे हुए है। हाल ही में वन विभाग ने जंगली जानवर के शिकार के मामले में कुछ आरोपियों को पकड़ा है किन्तु अब मामला को रफादफा करने की जानकारी मिल रही है।

### छात्रों ने संगोष्ठी में शोध पत्र का किया वाचन

# छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर कला संकाय एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में राज्य स्तरीय सेमीनार का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि शशिकांत द्विवेदी ने किया। अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि अमित जैन, जसमीतसिंह बन्नोआना, उमा महेश वर्मा थे। सरस्वती वंदना और दीप प्रज्जवलन के बाद दीपशिखा ने राज गीत प्रस्तुत किया।

प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने सेमीनार की प्रासंगिकता बताया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप जम्बुलकर ने राज्य निर्माण से अब तक हुए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अमित जैन ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका को याद किया। लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने राज्य की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि बीता हुआ कल वर्तमान की आधारशिला है। मुख्य अतिथि शशिकांत द्विवेदी ने जनजातीय संस्कृति व संसाधनों को राज्य की विशिष्ट पहचान बताया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अंत में डॉ आरआर कोचे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




#### विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

शोध पत्र वाचन के आधार पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान बबीता मेश्राम, द्वितीय स्थान जंभेश्वर कुमार तथा तृतीय स्थान उदय कुमार ने प्राप्त किया। निर्णायक प्राध्यापक अविनाश सिंह, जीके यादव एवं बेदप्रकाश साहू थे। अंत में संयोजक डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ नीता राजपूत ने किया। इस दौरान डॉ आशा चैधरी, डॉ आरआर कोचे, डॉ एमएन नंदेश्वर, गुलशन सिन्हा, नीलम चतुर्वेदानी, एचआर पद्मे, डॉ नीता राजपूत, डॉ नौशीन अंजुम, डॉ सपना परिहार, डॉ येशुकृति हजारे, एवलाल मेश्राम, नीलम सिन्हा, अनिमा मिंज, मनीषा भेड़यिा, मीनाक्षी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

#### शोध पत्र प्रस्तुत

द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि एलबीनगर कालेज के प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर, विशिष्ट अतिथि डॉ एचएस भाटिया, दीपक वर्मा थे। शुभारंभ के बाद विद्यार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। प्रिया जांबुलकर ने डिजिटल इंडिया, साक्षरता, उदय कुमार लहोटरे ने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास, भानु प्रताप ने छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं आर्थिक विकास, विकास मेश्राम ने विकास यात्रा, उमेश साहू ने राज्य निर्माण पूर्व व वर्तमान आर्थिक प्रगति, तरण मेश्राम ने छत्तीसगढ़ में लोकगीतों की परंपरा, लेखराम बढ़ई ने आधुनिकता एवं प्राचीन संस्कृति, बबिता मेश्राम ने परंपरा और शिक्षा, दीपिका एवं स्टेफी ने महिलाओं की विकास यात्रा, महक अग्रवाल ने शिक्षा एवं कौशल विकास, मोनिका देवांगन ने महिलाओं का स्वरोजगार, शीतल वर्मा ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जनेश्वर प्रसाद ने सामाजिक-आर्थिक विकास विषय पर शोध पत्र का वाचन किया।

## भजिया बनाकर मनाया राष्ट्रीय बेरोजारी दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेशानुसार 17 सितंबर को युवा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस मनाते हुए सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। खुज्जी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विनोद मंडलोई के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सत्तर मालहेकर, झरनेश कुंभकार, मोना खान, रोशन रजक, मोहन चुरेंद्र के अलावा तीनों ब्लॉक अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर ठेले में भजिया पकोड़ा बनाते हुए बेरोजगारी को उजागर किया।

## बेहतर सेहत के लिए खेल जरूरीः संजय

**छुरिया।** महाराष्ट्र सीमा से लगे ग्राम टीपनगढ़ में सात दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्टार इलेवन के तत्वावधान में किया गया। स्पर्धा का उद्घाटन जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट का महत्व कई दृष्टियों से देखा जा सकता है जैसे सामाजिक, शारीरिक, मानसिक और राष्ट्रीय स्तर पर। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए क्रिकेट खेलने से शरीर में फुर्ती, सहनशक्ति और ताकत बढ़ती है। दौड़ने, गेंदबाजी और बल्लेबाजी से हृदय अच्छा रहता है। लगातार अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। कार्यक्रम में स्वाति मंडावी, नैनसिंह पटेल, भुखन धनकर, अशोक सेन, अशोक साहू, मोहित सर्वा, संदीप सरकार, छगनलाल, मनीष नेताम, हेमंत साहू, विष्णु साहू, महेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मेगा हेल्थ कैंप में पहुंचे दो हजार मरीज, आर्थो-न्यूरो के सर्वाधिक

## इलाज, जांच के साथ दवाएं भी दी गई निःशुल्क, विस अध्यक्ष डॉ. रमन ने लाभार्थियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में जिले सहित पड़ोसी जिलों के करीबन दो हजार मरीजों ने लाभ उठाया। कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरो जैसी दर्जनभर विशेषज्ञों की उपस्थिति वाले इस हेल्थ कैंप में सुबह से ही मरीजों की कतार देखने को मिली। मरीजों को जांच, इलाज के लिए ही दवाओं का वितरण भी निःशुल्क किया गया। शिविर के दौरान ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी हेल्थ कैंप का लाभ उठाने पहुंचे मरीजों से मिलकर उनसे कैंप के बारे में बातचीत की।

मेगा हेल्थ कैंप में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज सृष्टि के निर्माता भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिवस है एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन भी है, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन राजनांदगांव के लिए ऐतिहासिक एवं यादगार है। निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में गंभीर बीमारी के मरीजों का ईलाज कर चिकित्सकों ने अमूल्य सेवा दी है। निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोसर्जन, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, ऑर्थोपेडिक एण्ड जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, न्यूरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, मेडिसिन विशेषज्ञ सहित प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ ही जिले के चिकित्सकों ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी है। विधानसभा अध्यक्ष ने निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के लिए जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित

▶▶ शेष पेज 16 पर

प्रदेश से आए 18 एवं जिले से 12 कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी अपनी सेवाएं







शिविर में 12 विशेष पंजीयन काउंटर बनाए गए थे। पंजीयन पश्चात मरीज की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से की गई। जिसमें पेट रोग के 118, न्यूरो के 108, हड्डी रोग के 178, शिशु हृदय रोग के 19, शिशु रोग के 72, हृदय रोग के 86, मेडिसिन हाइपरटेंशन एवं शुगर के 202, किडनी रोग के 55, अन्य रोग के 228 इस प्रकार कुल 1066 विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का चिन्हांकन किया गया। साथ ही 1090 अन्य विभागों के मरीज का पंजीयन किया गया।

**लाभार्थियों को मिली यह सुविधाएं :** शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ), पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट (बाल हृदय रोग विशेषज्ञ), गैस्ट्रोलॉजिस्ट (पाचन तंत्र का विशेषज्ञ), ऑन्कोलॉजी (कैंसर के अध्ययन, निदान, उपचार और रोकथाम से संबंधित), नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी (किडनी रोग से संबंधित), न्यूरो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी और तंत्रिकाओं से संबंधित), ऑर्थो फिजिशियन एण्ड सर्जरी (हड्डी रोग चिकित्सक और सर्जन) उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान रक्तदान शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन की निःशुल्क सेवाएं दी गई।

### दस लाख की दवाएं बांटी गई

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 2051 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य जांच की सुविधा ली है। कुल 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी है। कार्डियोलाजी के लिए ईको मशीन, एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध था। आईएमए ने 10 लाख रुपए की दवाईयां देकर सहयोग किया गया है। राम रसोई ने 3 हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की। रेडक्रास के 50 वालिंटियर्स, नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल विद्यार्थी सहित सभी का सहयोग रहा।

### आठ मरीजों को हार्ट की बीमारी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शिविर की सफलता इस बात में है कि मरीजों का ईलाज करने के बाद उनका फॉलोअप लेते हुए अंतिम निराकरण के लिए कार्य योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि हृदय रोग के मरीजों को आगे के ईलाज के लिए रिफर भी किया जाएगा। आज के शिविर में 8 मरीजों को अभी पता चला कि उन्हें हृदय रोग की बीमारी है। इसी तरह किडनी तथा मधुमेह व मोतियाबिंद के मरीजों को यह जानकारी नहीं थी कि उन्हें यह बीमारी है। दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को जिन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती है। उनके लिए यह शिविर महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों का जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, उन्हें रायपुर या उच्च केन्द्रों में शत-प्रतिशत ईलाज कराएंगे।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
• रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
• रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
• डिस्क प्रोलेप्स
• पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
• Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
• HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
• सभी प्रकार के फ्रेक्चर
• पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
• कमर में टेढ़ापन
• आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों को दिया गृह प्रवेश प्रमाण पत्र



**गंडई पंडरिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को गृह प्रवेश का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। आवास दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को नगर पंचायत गंडई में आयोजित कार्यक्रम में सभी हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिए गए जिनके आवास का निर्माण और सभी किस्तों का भुगतान हो चुका है। यह प्रमाण पत्र अंगीकार योजना के तहत प्रदान किया गया, ताकि हितग्राही अपने घरों में प्रवेश कर सकें। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, सीएमओ अविनाश देवांगन, विधायक प्रतिनिधि दामोदर जायसवाल, पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्रों को कराया न्योता भोज



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला पंडरिया में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन मनाया गया। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने हाथ धुलाई दिवस भी मनाया। इस मौके पर जनपद सदस्य ज्योति जंघेल एवं संस्था प्रमुख शिवांगी पसीने ने छात्रों को प्रधानमंत्री के जन्म दिन के अवसर पर न्योता भोज कराया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा शिक्षिका अनिता मानकर एवं समिति के सदस्य शामिल हुए।

### गंडई में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**गंडई पंडरिया।** शिल्पकार और कारीगरों के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती गंडई में इस वर्ष भी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। जयंती के एक दिन पहले भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक प्रतिमा लाकर सीताराम परिसर में विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया। राजमिस्त्री कल्याण संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुबह से पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हो गया था। शाम 4 बजे भगवान विश्वकर्मा की आरती और पूजा किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल तारकेश्वर शाह खुसरो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर के अधिकांश पार्षद भी इस समारोह में शामिल हुए। भक्तिमय माहौल में पूजा अर्चना के बाद समिति द्वारा श्रद्धालुओं को फल्ली, बूंदी और केले का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान राजमिस्त्री कल्याण संघ गंडई परिक्षेत्र के अध्यक्ष देवसिंग साहू, प्रकाश बंजारे, नंदकुमार साहू, रामनाथ रावटे, धरमु पटेल, रमेश्वर यादव, रमेश साहू, हरीश चंद नेताम और अन्य सदस्य मौजूद थे।

### जन्मोत्सव पर स्वच्छता अभियान



**सड़क अतरिया।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन को उल्लास से मनाया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में स्वच्छता अभियान चला कर पौधरोपण किया गया। कार्यकर्ताओं ने घिरघोली स्थित सिद्ध बाबा मंदिर एवं नर्मदा मंदिर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नर्मदा मंडल अंतर्गत चोंड़राधाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया। इसी क्रम में पैलीमेटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कर मरीजों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल, भीखु हिरवानी, प्रकाश जंघेल, संतन साहू, अनुज साहू, देवलाल साहू, केशलाल मंडावी, दूजेराम वर्मा, युवराज पटेल, खेलन वर्मा, माखन जंघेल, रोशन जंघेल, ललिता मानिकपुरी, दिवाकर सोनी, जॉनी मशखरे, बल्लू जांघेल, भुनेश्वर सेन, बंशी रजक, बोधन मरावी, रामप्रसाद मेरावी, शिव पटेल, धनराज पटेल एवं अन्य उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती मनी



**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। नर्मदा स्थित लक्ष्मी स्टील, कालूराम वेल्डिंग, जंघेल वेल्डिंग सहित अन्य जगहों पर भगवान विश्वकर्मा एवं उपकरणों का विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। कुछ स्थानों पर अनुष्ठान का आयोजन रखा गया था।

### सेवा अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**गंडई पंडरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत गंडई ने 17 सितंबर को जागरूकता रैली निकाली। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की शुरुआत से पहले नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में चलेगा, इस दौरान प्रतिदिन स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। नगर पंचायत कार्यालय से शुरू हुई रैली तिरंगा चौक होते हुए गंडई मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई। रैली में शामिल कर्मचारियों ने लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पार्षद दिलीप ओगरे, तामेश्वर साहू, सीएमओ अविनाश देवांगन, राजमणि शर्मा, शिव ठाकुर और अन्य कर्मचारियों के साथ स्वच्छता दीदियां भी मौजूद रही।

## बतौर जिला चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं डॉक्टर

# सालभर से बिना काम के वेतन अर्जित कर रहे पुराने सीएमएचओ

### जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

सामान्य तौर पर यदि कोई गरीब मजदूर काम मे नहीं जाता तो शाम को रोजी के अभाव मे उसके घर रोटी नहीं बन पाती लेकिन सरकारी नौकरी मे यह बाध्यता नहीं है काम में जाओ करो या मत करो थोड़ा सा भी रौब है तो सब संभव हो जाता है। काम करना तो दूर कार्यस्थल पर भी नहीं आए तो भी पूरा वेतन और सारी सरकारी सुविधा का लाभ लिया जा सकता है।

ताजा मामला तीन साल पहले बने नए जिले का है जहां जिला अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ गणेश दास वैष्णव साल भर से नहीं आ रहे, ना मरीजों को देख रहे लेकिन मूल पदस्थापना वाली पूर्व जगह छुईखदान से उनको हर महीने वेतन मिल रहा है। साल भर पहले शासन ने डॉ आशीष शर्मा को सीएमएचओ नियुक्त कर डॉ वैष्णव का ट्रांसफर जिला चिकित्सालय में बतौर चिकित्सा अधिकारी कर दिया गया, लेकिन विडंबना देखिए कि डॉ वैष्णव तब से सिर्फ महीने में एक बार उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने ही आते है। साल भर से उन्होंने ओपीडी में एक भी मरीज को नहीं देखा है, ओपीडी रजिस्टर का संधारण नही हो रहा और नहीं किसी योजना की मानिटरिंग की है लेकिन वेतन हर महीने मिल रहा है।

बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने भी इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि डॉ वैष्णव यही पदस्थ है लेकिन नहीं आते। इस संबंध मे सीएमएचओ ऑफिस ही स्थिति क्लियर कर सकते है वहीं छुईखदान बीएमओ डॉ मनीष बघेल ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय से मिले पे डाटा के आधार पर उनको हर महीने वेतन दिया जा रहा है।

#### आधार अटेंडेंस है जरूरी

मिली जानकारी अनुसार डॉ गणेश दास वैष्णव ने साल भर से अपना एचआरएमआईएस आईडी भी ऑनलाइन उपस्थिति से बचने अपडेट नहीं कराया है और जब पीएम और सीएम के डिजिटल इंडिया स्कीम को ठेंगा दिखा रहे है क्योंकि आईडी अपडेट कराने के बाद उनकी उपस्थिति के आधार पर पे डाटा तैयार होता लेकिन सीएमएचओ ऑफिस के स्थापना विभाग से साठ गांठ कर डॉ वैष्णव घर बैठे सरकारी वेतन का लाभ उठा रहे है इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के ई ऑफिस के क्रियांवयन संबंधी महत्वपूर्ण आदेश को भी दरकिनार कर रहे है जिसमें विभाग ने प्रदेश भर के अपने अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आधार बेस अटेंडेंस जरूरी किया गया है जिसमें शिफ्ट वाईज ड्यूटी आने जाने के समय ऑन लाइन अटेंडेंस जरूरी होता है लेकिन डॉ वैष्णव इस नियम का पालन नहीं कर रहे है।

#### सीएमएचओ कार्यालय में है पदस्थापना

मामले को लेकर सीएमएचओ डॉ आशीष शर्मा का कहना है कि चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थापना के बाद से किसी विषय को लेकर डॉ वैष्णव के कोर्ट जाने की जानकारी मिली थी उसके बाद यदा कदा शिविर में उनकी उपस्थिति रही है। सीएमएचओ का यह जवाब भी संशय पैदा करता है कि उनकी नजर के नीचे उन्हीं के कार्यालय में पदस्थ डॉ वैष्णव साल भर से गायब है और उनका पे डाटा वही बन रहा है, लेकिन कहा काम कर रहे नही पता। अब सवाल यह उठता है कि सालभर बिना कारण बताए, बिना काम किए अनुपस्थित रहने वाले डॉ वैष्णव को वेतन किस आधार पर दिया गया और अब क्या बिना काम किए वेतन भुगतान आदेश जारी करने वाले अधिकारी पर भी कारवाई की गाज गिरेगी और पूरे मामले की जिला प्रशासन जॉचकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने वालों के खिलाफ बारीकी से जांच कर कारवाई करेगा।

#### अगस्त 24 से गायब पर मिल रहा पूरा वेतन

अस्पताल में अलग अलग बीमारियों से पीड़ित सैकड़ों मरीजों का आना होता है जिन्हें बीमारी के प्रकार के आधार पर सामान्य या गंभीर इलाज की जरूरत होती है। वर्तमान में यहां दर्जन भर के आसपास डॉक्टर नियमित रूप से काम कर रहे है, लेकिन डॉ गणेश दास वैष्णव के मामले में सारा नियम कानून सिरे से खारिज नजर आ रहा है। साल भर से हर महीने लगभग डेढ़ लाख रूपया सरकारी वेतन के रूप में लेने और देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों ने भी इस गंभीर विषय को नजर अंदाज करके रखा है। स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग ने 30 सितंबर 22 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियाकला रायपुर में पदस्थ डॉ गणेशदास वैष्णव को छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ट्रांसफर किया था। दिसंबर 23 में उन्हें वरीयता के आधार पर तत्कालीन जिला कलेक्टर ने सीएमएचओ के रूप में दायित्व निर्वहन का आदेश जारी किया इसके बाद अगस्त 24 में स्वास्थ्य विभाग ने जिले में नए सीएमएचओ के रूप मे डॉ आशीष शर्मा को नियुक्त कर डॉ वैष्णव को खैरागढ़ में ही जिला चिकित्सालय में बतौर चिकित्सा अधिकारी काम करने कहा, लेकिन तब से लेकर आज तक उक्त डॉक्टर का अता पता नही है। हालांकि मामले का खुलासा होने के बाद अब अधिकारी जरूर कह रहे है कि बीच बीच में वो आते है लेकिन कब आते जाते है आफिस अस्पताल स्टाफ को भी नही पता।

## परिजनों ने मांगा मुआवजा व नौकरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

■ गणेश विसर्जन के दौरान युवक की हत्या

गणेश विसर्जन रैली के दौरान दाऊचौरा वार्ड नंबर 17 निवासी युवक दीपक यादव की एक नाबालिग युवक द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। दीपक परिवार का इकलौता सहारा था और उसके कमाई पर ही विधवा मा और नाबालिग छोटे भाई का भरण-पोषण होता था।

राजनांदगांव में हाल ही में हुए एक अन्य चाकूबाजी मामले में मृतक परिवार को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आर्थिक सहायता और नौकरी देने की घोषणा की गई थी। इसी परिप्रेक्ष्य में दाऊचौरा के पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन ने मृतक की मा भारती यादव, नाबालिग भाई, परिजनों के साथ कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री से परिवार को 4 लाख का मुआवजा और शासकीय नौकरी देने की मांग की है। जिसमे उन्होने दीपक परिवार और जीवन का सहारा बताते हुए उसके जाने के बाद रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए दर्द को समझकर मदद करने की अपील की है। इस दौरान परिवार के साथ मौजूद विधायक यशोदा वर्मा ने कहा घटना को दुखद बताते हुए मांग को जायज बताया।

#### समाज को पहुंचा गहरा आघात

मनराखन देवांगन ने कहा कि दीपक सरल और मेहनती युवक था। उसकी हत्या से यादव समाज सहित पूरे वार्ड को गहरा आघात पहुँचा है। उन्होंने कहा कि जैसे राजनांदगांव की चाकूबाजी की घटना पर सरकार ने आर्थिक मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है उसी अनुरूप दीपक यादव की हत्या के मामले में भी मुख्यमंत्री से मुआवजा और नौकरी की मांग की गई है।

## शिक्षिका से गाली-गलौज, प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर

■ शिक्षिका की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गाड़ाघाट मे पदस्थ प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू के खिलाफ महिला शिक्षिका ने गाली गलौच करने का आवेदन दिया जिसके बाद प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351-2 के तहत थाने मे अपराध पंजीबद्ध हुआ है।

गाड़ाघाट स्कूल मे पदस्थ महिला शिक्षिका ने पुलिस को बताया कि 13 सितंबर की दोपहर शाला मे विभागवार प्रभार लेने के दौरान उनके साथ प्रभारी प्राचार्य मानसदास साहू ने अनर्गल भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौच किया है। शिक्षिका ने बताया कि मानसदास साहू को व्यवहार उनके साथ हमेशा नकारात्मक और महिला की मान मर्यादा के खिलाफ रहा है। इसे लेकर उनके द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को भी ओवदन दिया गया था लेकिन कोई कारवाई नही हुई। घटना तारीख को भी सुबह सवा दस बजे के आसपास मानसदास साहू ने पूरे स्टाफ के सामने उन्हे गाली दी और धमकी दी कि तेरा नौकरी करना कठिन कर दूंगा। शिक्षिका के आवेदन पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## गुस्साए वार्डवासियों ने पानी संकट को लेकर फोड़ा मटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



नगर पालिका परिषद के खिलाफ वार्ड नंबर 19 नया टिकरापारा के रहवासी सड़क पर उतर आए। पानी की गंभीर समस्या को लेकर नपा कार्यालय का घेराव किया और मटका फोड़कर विरोध जताया।

वार्डवासियों का कहना है कि लगातार शिकायत के बावजूद पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। जुलाई माह में भी आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई ठोस कारवाई नहीं हुई। नल से पानी न आने की वजह से लोगों को रोज पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है।

पानी के साथ-साथ बिजली खंभे की लाइट खराब है, नालियों की समस्या भी बनी हुई है जिससे पूरा मुहल्ला मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा हैं। प्रदर्शन में शामिल मिशन संडे टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि जनता बुनियादी सुविधा के लिए तरस रही है और जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हैं। पानी जैसी जरूरी चीज को लेकर समस्या बनी हुई है इसका समाधान तत्काल होना चाहिए। इस दौरान दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, पार्वती साहू, उल्फी वर्मा, कमल साहू, लेखन साहू, दुलारू वर्मा, अनीता यादव, ज्योति यादव, रामेश्वरी यादव, लक्ष्मी, पार्वती, राधा निषाद, हेमलता, सुमन यादव, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव, संत निषाद, सूर्यकांत यादव, राहुल बंजारे, भागीरथी, राजा लहरे, सुदर्शन ढीमर, रविंद्र गहरवार सहित अन्य मौजूद थे।

## विश्वकर्मा जयंती पर पूजा का आयोजन

■ प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे मित्र एवं संबंधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान



विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर में विशेष उत्साह देखने मिला। विभिन्न प्रतिष्ठानों, कार्यशालाओं और औद्योगिक इकाइयों में श्रद्धा और विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। जयस्तंभ चौक स्थित दुबे ऑटो में भी पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। मोटर सायकल धारकों ने एक दूसरे को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। इसी क्रम में छिंदारी रोड स्थित शिवम् ब्रिक्स में भी पूजा का आयोजन किया गया। नगरवासियों ने पूजा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अनुष्ठान का संचालन पं. विपिन तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। नगर में विश्वकर्मा पूजा को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया। नगर के वेल्डिंग सेंटर, ऑटो, मेकेनिक वर्क्स, ट्रैक्टर्स दुकान, फैक्ट्रियों आदि को सजाया गया था।

ई एंडेम जल संसाधन संभाग में भी पूजा का आयोजन हुआ। कंपनी प्रबंधन एवं कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की आराधना की।

## ग्रामीणों ने किया नाली की सफाई

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत बुन्देली में बीते दिवस ग्रामीणों ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न वार्डों की नाली सफाई किया। ज्ञात हो कि बरसात में गंदा पानी एवं अपशिष्ट पदार्थ जाम हो गया था जिससे बदबू आने लगी थी। मच्छर पनपने से लोग काफी परेशान थे। ग्रामीणों ने स्व प्रेरित होकर स्वच्छता का निर्णय लेकर सफाई किया। इस मौके पर सरपंच दिवाकर सोनी, नेपाल, गौतम, युवराज, हिमांशु, मुकेश, परमानंद, रितेश, लोकेश मौजूद थे।



## वन परिक्षेत्र में मनाया गया स्वच्छता समारोह



**छुईखदान।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वन परिक्षेत्र छुईखदान में स्वच्छता शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। शुरुआत में कार्यालय परिसर की सफाई की गई, जिसमें सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस मौके पर परिक्षेत्र अधिकारी अशोक वैष्णव ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से ही हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर पौधारोपण का भी आयोजन किया गया। समापन पर कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### राजेन्द्र, कुमकुम और चुम्मन जिले में प्रथम

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजन बाद स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना ने प्राथमिक स्तर में राजेंद्र रजक प्राशा कांचरी, मिडिल स्तर में कु कुमकुम, पूमाशा रुसे और हाई/हायर सेकंडरी स्तर में चुम्मन लाल साहू सेजेस जालबांधा को नकद राशि, मैडल और प्रशस्ति पत्र दिया वही तीनों वर्ग मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9-9 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, छुईखदान बीईओ रमेंद्र डड़सेना और आयोजन समिति सलाहकार एबीईओ गिरेन्द्र सुधाकर ने शिक्षकों के निस्वार्थ भाव से किए गए पहल की सराहना की और टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी। आयोजन समिति के अध्यक्ष पन्नालाल जंघेल ने स्वागत भाषण दिया। खैरागढ़ ब्लॉक प्रभारी महदीप जंघेल और छुईखदान ब्लॉक प्रभारी कौशल सिंह राजपूत ने प्रतिवेदन वाचन कर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। डॉ. सियाराम साहू ने किया। बाईकटोरी पूमाशा के छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया वहीं अचानकपुर पूमाशा की छात्राओं ने डॉ पीसी लाल यादव द्वारा रचित जिला थीम सांग पर नृत्य की प्रस्तुति दी।



#### 35 सौ से उपर हुए शामिल

समिति सचिव रूपेश कुमार देवांगन ने आयोजन को सफल बनाने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि समिति द्वारा छठवी बार इस तरह जिला स्तरीय स्पर्धा आयोजित की गई हे। इस दफे जिले के प्राथमिक, मिडिल और हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल के 4219 बच्चों ने नि:शुल्क पंजीयन कराया था जिसमें 3558 परीक्षार्थियों ने जिले के 13 केंद्रों में परीक्षा दी। शासकीय व निजी स्कूलों के प्रधान पाठक, प्राचार्यों व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने केंद्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक की भूमिका का निर्वहन कर स्पर्धा को पूरा कराया।

## कलेक्टर ने मैनुअल गिरदावरी सर्वेक्षण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

■ सर्वेक्षण समयबद्ध व पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश

जिले में चल रहे मैनुअल गिरदावरी सर्वेक्षण कार्य का कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मुहडबरी में निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया, कार्य की गुणवत्ता और किसानों से ली जा रही जानकारी का विस्तार से जायजा लिया और अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया कि गिरदावरी सर्वेक्षण समयबद्ध और पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सर्वेक्षण के आंकड़े किसानों के फसल बीमा, अनुदान, सब्सिडी और अन्य योजनाओं के लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करेंगे ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही अस्वीकार्य होगी। उन्होंने किसानों से भी बातचीत कर उनकी राय जानी और आश्वासन दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हें सटीक सर्वेक्षण के आधार पर प्राथमिकता से मिलेगा। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, तहसीलदार आशीष देवहारी, पटवारी सहित संबंधित विभागीय अमला मौजूद था।

## सार समाचार



### टांकाघर में प्रतिमा स्थापना व पूजा-अर्चना

**राजनांदगांव**। विश्वकर्मा जयंती पर नगर निगम के टांकाघर में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, जल विद्युत व मोटर विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैकी बग्गा, प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम ने परंपरागत रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर निगम कर्मचारियों को जयंती की शुभकामनाएं दी।

जयंती अवसर पर पुष्पवाटिका, लोककर्म विभाग में भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा दुनिया के पहला वास्तुकार इंजीनियर थे। उन्होंने उस समय सृष्टि का निर्माण किया था, उन्हीं की याद में प्रतिवर्ष 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है। आज के दिन कारखानों एवं तकनीकी शाखा में मशीनों व उपकरणों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के तकनीकी विभागों में प्रतिवर्ष तकनीकी अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर लोककर्म, जल, विद्युत व मोटर विभाग के कर्मचारियों ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

### स्वच्छता की दिलाई शपथ




**राजनांदगांव**। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही नगर का नाम चलता है। नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के एक अपील से पूरा भारत स्वच्छ हो गया और जो भी गंदगी छूट जाता है, उसे साफ करना सबकी जिम्मेदारी है। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने शपथ दिलाया। इस दौरान नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरौद्र भोई, पार्षद देवेंद्र साखरे सहित बड़ी संख्य में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### हिंदी दिवस पर गिरीश और सुशील सम्मानित



**राजनांदगांव**। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी पत्रकारिता और डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र स्मृति साहित्य सम्मान से क्रमशः सुशील कोठारी और साहित्यकार गिरीश पंकज को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही लगभग चालीस प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार का सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस समारोह में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आयोजन में दो पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। हिंदी की वैश्विक स्थिति पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. आरएन सिंह ने हिंदी को दुनिया की सबसे तीसरी लोकप्रिय भाषा बताया।

मुख्य वक्ता गिरीश पंकज ने कहा कि हिंदी भले ही संवैधानिक रूप से राष्ट्रभाषा न हो, लेकिन पूरा हिंदुस्तान इसे राष्ट्रभाषा ही मानता है। विशेष अतिथि डॉ. जौहर शाफियाबादी ने हिंदी को भारतीय एकता की भाषा कहा। विशेष वक्ता सुशील कोठारी ने छत्तीसगढ़ में हिंदी पत्रकारिता का उल्लेख करते सबेरा संकेत अखबार का महत्व दर्शाया। डॉ. केएन प्रसाद की हिंदी पुस्तक प्रादेशिक विकास एवं नियोजन का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर गिरीश ठक्कर, आत्माराम कोशा, अमलेन्दु हाजरा, राकेश ठाकुर, प्रो. अनिता शंकर, नीलू श्रीवास्तव, आराधना गोस्वामी, प्रीतिबाला टांक, मीना प्रसाद, नीलम तिवारी, गायत्री साहू, वीरेंद्र साहू, कौशिक बिशि, शोधार्थी निकिता रामटेके, शीलाल वर्मा, हेमलाल सहारे सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और दर्शक उपस्थित थे।

### आज अग्रसेन आनंद मेला

**राजनांदगांव**। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में



कल 18 सितंबर को अग्रसेन आनंद मेला आयोजित है। मुख्य अतिथि सुनील रामकरण अग्रवाल एवं श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल शिवनाथ वाटिका में शाम 6 बजे इस मेले का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन तथा अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बाइक रैली निकाली जाएगी। यह रैली अग्रसेन भवन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। शिवनाथ वाटिका में रैली का समापन होगा।

महिला मंडल द्वारा सूखे खड़े मसाले से ज्वेलरी बनाओ प्रथम सिमरन ईशान गोयल, द्वितीय हिना मयंक अग्रवाल, प्रिंसी रजत अग्रवाल, रागी के मीठे व्यंजन प्रथम प्रियांशी राकेश अग्रवाल, द्वितीय ऋचा यश अग्रवाल, मेघा उत्सव अग्रवाल, अग्रसेन जी का मुकुट सजाओ प्रथम ज्योति सुशील अग्रवाल, द्वितीय नितिशा नितीन अग्रवाल, शशि राजेश खोखरिया, राणी सती दादी की आकृति प्रथम रश्मि विकास अग्रवाल, द्वितीय प्रिंसी रजत अग्रवाल, साक्षी विनय अग्रवाल, 1 मिनट गेम्स प्रथम पुष्पा सुभाष अग्रवाल, द्वितीय बुलबुल राम अग्रवाल, लक्की ड्रा मेघा उत्सव अग्रवाल, नवयुवक मंडल द्वारा नींबू दौड़ (किड्स) प्रथम अथर्व अग्रवाल, द्वितीय मानवी अग्रवाल, नींबू दौड़ (जूनियर) प्रथम हर्षिता अग्रवाल, द्वितीय रित अग्रवाल, नींबू दौड़ (सीनियर) प्रथम अनिता शरद अग्रवाल, द्वितीय नीति अग्रवाल, लूडो (किड्स) प्रथम अभिमन्यु अग्रवाल, द्वितीय आरव अग्रवाल, लूडो (जूनियर) प्रथम आध्या अग्रवाल, द्वितीय रित अग्रवाल, लूडो (सीनियर) प्रथम कुसुम अग्रवाल, द्वितीय रमा अग्रवाल शामिल हैं।

## वोट चोर, गद्दी चोर कार्यक्रम के तहत आज आयोजन

# पदयात्रा और सभा में शामिल होंगे पायलट प्रदेश व केंद्र सरकार को घेरेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत आज शहर में पदयात्रा के साथ ही जनसभा का आयोजन कांग्रेस करने जा रही है। इसके लिए सभी तैयारियां पहले से ही की जा चुकी है। आयोजन में शामिल होने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट शहर पहुंच चुके हैं। डेढ़ किलोमीटर की पदयात्रा के बाद वे आधे घंटे की जनसभा में केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरते नजर आएंगे।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। नेताओं की भीड़ को देखते हुए किसी भी हादसे से बचने के लिए मंच पर रहने वालों का प्रोटोकॉल तय कर दिया गया है।

इनमें अविभाजित जिले के सभी पांच कांग्रेसी विधायकों के अलावा शहर और जिला कांग्रेस के भी कुछ नेताओं के नाम शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि बिलासपुर से शुरू हुए वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम का समापन आज ही राजनांदगांव के बाद भिलाई में होगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी संपत कुमार के साथ ही प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मलकित सिंह गेंदू स्थानीय नेताओं की बैठक ले चुके हैं। इस बैठक में कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

### इन मुद्दों पर घेरेगी कांग्रेस



भले ही यह पूरा कार्यक्रम कथित वोट चोरी को लेकर कांग्रेस कर रही है, लेकिन इसके जरिये प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन को भी कांग्रेसी दिग्गज नेता घेरते हुए नजर आएंगे। वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव में धांधली का आरोप लगाते केंद्र की भाजपा सरकार को घेरेंगे। बिजली बिल की बढ़ती कीमत और अडानी के साथ करार को लेकर प्रदेश सरकार पर हल्ला बोलेंगे। जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार पर निशाना साधेंगे।

### जगह-जगह होंगे स्वागत, बजेगा बैंड बाजा

गुरूनानक चौक से शुरू होने वाली पदयात्रा मार्ग में जगह-जगह पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की तैयारियां भी की जा रही है। बताया गया कि पदयात्रा गुरूनानक चौक से शुरू होकर मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन से गुजरते हुए जूनीहटरी के रास्ते जयस्तंभ चौक में सभा स्थल तक पहुंचेगी। इस बीच दर्जनभर से अधिक स्थानों पर पटाखे, बैंड बाजे के साथ यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

## शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध, 6 आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव**। अपने संरक्षण में बिठाकर लोगों को शराब पीने सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने 6 लोगों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में थाना क्षेत्र में आरोपी उमन लाल 50 साल, अजय कुमार साहू 40 साल, हेमलाल कंवर 28 साल, युवराज देवांगन 40 साल, सुजीत साहू 32 साल व रामगुलाब साहू 33 साल को अवैध रूप से धन अर्जन करने के लिए लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराकर लोगों को बिठाकर शराब पिलाते पकड़कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 36(सी) आबकारी एक्ट का कार्रवाई किया गया है।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर 600 ग्राम गांजा बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 सितंबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि सनसाईन कन्वेयर कंपनी सांकरा के लेबर क्वाटर में रहने वाला नारोत्तम चौधरी अपने क्वाटर के पास मैदान मे गांजा जैसा मादक पदार्थ को पुड़ियि बनाकर ग्राहकों को विक्रय कर रहा है, जिस पर मुखबीर के बताए स्थान सनसाईन कन्वेयर कंपनी सांकरा के लेबर क्वाटर के पास मैदान में पहुंचने पर एक व्यक्ति मिला, जो अपने हाथ में पालीथिन रखा हुआ था, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसको घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी पालीथिन रखा था, जिसे खोलकर देखने पर गांजा जैसा मादक पदार्थ खुला एवं कागज की पुड़यि कुल 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 6000 रुपए एवं तलाशी लेने पर गांजा बिक्री रकम नगदी 950 रुपए मिला तथा एक नग मोबाइल फोन मिला।

पुलिस ने आरोपी नरोत्तम चौधरी 35 वर्ष के खिलाफ अपराध धारा-20 (ख) (II)(ए) एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाया जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## युकां ने लॉलीपॉप बांटकर मनाया बेरोजगार दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस द्वारा बेरोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर के दिग्विजय महाविद्यालय के सामने युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने छात्र-छात्राओं को लॉलीपॉप बांटा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा बेरोजगार दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के बाहर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मुखौटा पहनाकर युवाओं में लॉलीपॉप बांटा गया। इस प्रदर्शन को लेकर युवा कांग्रेस के सचिव मानव देशमुख, अभिमन्यु मिश्रा और ऋषि शास्त्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन युवाओं को रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम मोदी को उनका वादा याद दिला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, युवा शिक्षित होकर नौकरियों के लिए भटक रहे हैं। देश के युवाओं को रोजगार की जगह लॉलीपॉप देने का काम सरकार ने किया है। इस वजह से लॉलीपॉप का वितरण किया गया है।

### सांकेतिक प्रदर्शन का हवाला

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय आह्वान पर बेरोजगार दिवस मनाया गया। कॉलेज परिसर के बाहर लॉलीपॉप बांट रहे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके प्रदर्शन के दौरान पुलिस रोकने पहुंची, लेकिन युवाओं ने सांकेतिक रूप से प्रदर्शन करने का हवाला देकर अपना प्रदर्शन जारी रखा। इस प्रदर्शन के दौरान राजा यादव, आफताब अहमद, संदीप सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निकली मशाल रैली, अनुकंपा नियुक्ति की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने हड़ताल के एक माह पूरे होने पर एनएचएम कर्मचारियों द्वारा शहर में मशाल रैली और कैंडल मार्च निकाला गया। यह रैली कलेक्टोरेट के सामने हड़ताल स्थल से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महाकाल चौक पहुंचकर संपन्न हुई।

एनएचएम कर्मचारियों ने इस रैली के माध्यम से अपने दिवंगत साथियों की तस्वीर बैनर में लगाकर उनकी याद में कैंडल मार्च निकाला। एनएचएम की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि एनएचएम के साथी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते दिवंगत हो गए। आज उनके परिवार को अनुकंपा नियुक्ति भी नहीं मिल रही । उनके लिए बीमा और पेंशन की भी कोई सुविधा नहीं है। 20 वर्षों से एनएचएम कार्यकर्ता अपनी सेवा देते आ रहे हैं, लेकिन उनकी बुनियादी सुविधा अब तक नहीं दी गई है। उन्होंने मांग की है कि दिवंगत साथियों के परिवार को सामाजिक सुरक्षा और सुविधा प्रदान की जाए।



### वादे पूरे करने की मांग

अपने इस प्रदर्शन के माध्यम से एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से कर्मचारियों के हित में मांगे पूरी करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में वादे किए थे, उसे जल्द पूरा करें, ताकि कर्मचारियों को सुविधा मिल सके।

### कठिनाई के दौर में दिवंगतों का परिवार

एनएचएम कर्मचारियों द्वारा निकाली गई इस मशाल रैली में सैकड़ों की संख्या में हड़ताली कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपने 10 मांगों में अनुकंपा नियुक्ति की मांग भी शामिल की गई है। इस प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया कि एनएचएम कर्मचारियों के दिवंगत होने के बाद उनके परिवार को कुछ भी नहीं मिलता है। जिससे बच्चों का लालन-पालन और परिवार को चलाने में काफी कठिनाइयां होती है।

## पहले खुद की पार्टी में झांके पायलट - मोनू

**राजनांदगांव**। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू ने केंद्रीय कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के राजनांदगांव में वोट चोर गद्दी छोड़ नामक कथित अधिकार यात्रा में भाग लेने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पायलट को छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले जैसे गंभीर मामलों में जेल में बंद कांग्रेस नेताओं, जिसमें पूर्व मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र सहित प्रमुख नेता शामिल हैं, उनके क्षेत्र में लड़ाई लड़नी चाहिए।

मोनू ने कहा सचिन पायलट राजनांदगांव में यात्रा के नाम पर जनता को भटकाने आ रहे हैं। जबकि उनकी पार्टी के कई नेता शराब घोटाले और भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में हैं। ये नेता भूपेश बघेल सरकार के दौरान कथित तौर पर हुए शराब घोटाले और अन्य अनियमितताओं के कारण जेल की सलाखों के पीछे हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा है कि पायलट को इस



ढोंग से पहले इन नेताओं की रिहाई के लिए आवाज उठानी चाहिए। क्या कांग्रेस के ये कार्यकर्ता उनकी नजरों से ओझल हो चुके हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में कानून का राज स्थापित किया है और शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के मामलों में कड़ी कार्रवाई की है। कांग्रेस की यह यात्रा केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

## कांग्रेसियों के घड़ियाल आंसू का घड़ा फूट चुका

**राजनांदगांव**। बजरंगपुर-नवागांव में हुए दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर कांग्रेसियों द्वारा



ढोल पीटे जाने को महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेसियों का घड़ियाल आंसू करार दिया है। उन्होंने कहा कि दोषी एवं लापरवाह पुलिस कर्मचारियों के निलंबन सहित जघन्य हत्याकांड में शामिल आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की जा चुकी है। महापौर ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ घटे दुखद नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती है और सभ्य मानव समाज में इस तरह के संगीन अपराध किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य है, किन्तु उनके बावजूद पीड़ितों के दुख को बांटने और हल्का करने शासन-प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील रहा है।

## शराब पीने के लिए पैसे की मांग, फरार आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। शराब पीने के लिए पैसे की मांगे करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है।

बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 सितंबर को यह अपने दोस्तों के साथ मोहारा ओवरब्रिज के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान देवा यदु, भूषण उईके एवं उसके अन्य साथी इन लोगों को शराब पीने के नाम से पैसे की मांग करने लगे तथा नहीं देने पर अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हाथ-मुक्का एवं बीयर की खाली बोतल से मारपीट किया है। थाना बसंतपुर में अपराध क्र. 430/25 धारा 296, 115(2), 119(2), 351(2), 3(5) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। **अन्य आरोपी की तलाश-** विवेचना के दौरान आरोपी देवा यदु निवासी नंदई कुंआ चौक थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया तथा प्रकरण के आरोपी इमरान खान 23 साल निवासी बैगापारा लखोली को आज गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के अन्य आरोपी की सरगर्मी से पतातलाश की जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार, आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा एवं राजेश्वर बंदेश्वर की सराहनीय भूमिका रही।

## मुमुक्षु आगम सुराणा का हुआ बहुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ओस्तवाल लाइन स्थित एक प्रतिष्ठान में आज मुमुक्षु आगम सुराणा का बहुमान किया गया। महापौर मधुसूदन यादव भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उनका भी बहुमान किया गया। श्री यादव ने कहा कि आज भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिन है। वे सृजन करने वाले हैं। आगम ज़ी भी सृजन के मार्ग पर चलने वाले हैं। मैं उनके संयमी जीवन में सफलतापूर्वक चलने की कामना करता हूं।

जैन समाज के भागचंद गीड़िया ने कहा कि आगम सुराणा ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में संयम पथ पर चलने का निर्णय लिया है, जो निश्चय ही अनुमोदन योग्य है। इस उम्र में बच्चे भौतिक सुख-सुविधाओं को देखते



हैं। वहीं आगम ने आध्यात्मिकता का मार्ग चुना। वे संयम की मां शीतल सुराणा और पिता जय सुराणा की भी अनुमोदना करते हैं, जिन्होंने अपने पुत्र आगम को संयम मार्ग में चलने की स्वीकृति दी। बहुमान सभा में माही शैलेष सुराणा ने आगम सुराणा के जीवन परिचय देते कहा कि 6 मई 2010 को आगम का जन्म दुर्ग में हुआ। उनके दादा चंद्रकांत सुराणा तथा माता शीतल सुराणा और पिता जय सुराणा हैं। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। सभा का संचालन करते आशीष बैद ने बताया कि आचार्य श्री रामलाल का भी जन्म देशनोक (राजस्थान) में हुआ है और आगम के दादा चंद्रकांत सुराणा का भी जन्म देशनोक (राजस्थान) में हुआ है। आगम के जन्म के 12 साल बाद हर्षित मुनिजी का चातुर्मास सन 2022 में दुर्ग में हुआ था, तब वह हर्षित मुनि के संपर्क में आया था और उनसे काफी प्रभावित भी हुआ। प्रारंभ में कार्यक्रम की शुरूआत मुमुक्षु आगम सुराणा द्वारा मंगलाचरण से किया गया। आगम सुराणा की मौसी सरिता शैलेष सुराणा ने गीतिका प्रस्तुत की। आगम ने भी बताया कि वे आचार्य रामलाल और उपाध्याय राजेश मुनि से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि उनके मौसा शैलेष सुराणा एवं मौसी सरिता सुराणा चाहते थे कि वह कुछ और पढ़ ले, किंतु बाद में उन्होंने भी स्वीकृति दे दी। तब आगम ने संयम पथ में चलने का निर्णय ले लिया है और 13 अक्टूबर 2025 को देशनोक (राजस्थान) में उनकी दीक्षा आचार्य श्री रामलाल और उपाध्यक्ष राजेश मुनि के सानिध्य में संपन्न होगी। यह जानकारी विमल हाजरा ने दी।

## हिन्दी दिवस पर तिलईरवार स्कूल में आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में धूमधाम से हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना व गुलाल का टीका लगाकर प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा हिंदी दिवस पर गीत, कविता, भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। जिसमें वैशाली, देवकी, लक्ष्मी, काजल, दिव्या, यामिनी शामिल थी। हिन्दी दिवस पर प्राचार्य अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, थंगेश्वर साहू आदि ने हिन्दी दिवस पर अपने-अपने विचार रखें। स्टॉफ में अशीम कुमार यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, थंगेश्वर कुमार साहू, नोहरदास लिलहारे, राजेश कुमार नेताम, पालकराम वर्मा, हरिचंद यादव, अशीष मसीह, रीचा चंद्राकर आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया।

## सार समाचार

### छमुमो ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा राजनांदगांव कपड़ा मजदूर संघ के नेतृत्व में 12 सितंबर 1984 में बीएनसी मिल मजदूर आंदोलन गोलीकांड में शहीद हुए शहीद राधे बालक, शहीद जगतराम सतनामी, मेहतरू देवांगन, घनाराम देवांगन को शहीद बेदी तुलसीपुर में शहीद परिवार के साथ शहीदों को



गगनबेदी शहीदों का रास्ता अमल करो, शहीद शंकर गुहा नियोगी अमर रहे, शहीद वीरनारायण सिंह अमर रहे के नारों के साथ पूजा-अर्चनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष जनकलाल ठाकुर, उत्तम कुमार, प्रेमनारायण वर्मा, मेघदास वैष्णव बसंत साहू, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, अशोक मारकण्डे, आजूराम साहू, सुकलाल साहू, रामचरण नेताम, भगोली वर्मा, प्रीतम देवांगन, सोमनाथ उइके, रामजी साहू, राजाराम बरगद, दिनदयाल रंगारी, गैंदसिंह ठाकुर, सुदर्शन वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2002 में बंद बीएनसी मिल के विकल्प में नए उद्योग की स्थापना नहीं कर पा रहे हैं। जिससे शिक्षित बेरोजगार रोजगार के लिए भटक रहे हैं। देश एवं प्रदेश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली बढ़ोत्तरी एवं प्रदेश में कर्मचारी निमितीकरण को लेकर आंदोलनरत है। सरकार उनकी मांगों को पूरा करें। किसानों के खाद-बीज की किल्लत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जिसे सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। जिससे आम जनता परेशान है।

### दिव्या बनी भारतीय महिला टीम की कप्तान

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी की खेल प्रशिक्षिका दिव्या साहू भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त की गई है। दिव्या साहू का चयन 20 से 24 अगस्त तक श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट द्वितीय श्रीलंका



चैंपियनशिप ट्राफी 2025 के दौरान टीम में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने में किया गया। ज्ञात हो कि इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें दिव्या साहू ने टीम में अपनी प्रतिभा का परिचय देते यह जगह सुनिश्चित की। इस चैंपियनशिप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्या साहू की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा दिव्या साहू का सम्मान करते कहा कि यह अवसर शाला परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान पद पर नियुक्त होना स्वयं के लिए गर्व महसूस करना है। आज न केवल एनबीआईएस अपितु पूरे देश को दिव्या साहू की उपलब्धि पर नाज है, जिसने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने दिव्या साहू को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

### असंसदीय भाषा का प्रयोग कर रही है कांग्रेस : पारख

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना



ऐतराज जताते कहा कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं-न-कहीं असंसदीय भाषा से होता है। श्री पारख ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और कांग्रेस ऐसे वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल कर हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा कर ओछी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को हमेशा सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में विपक्ष हमेशा विध्वंस, हिंसा और अराजकता की नकारात्मक भूमिका में ही है, इसलिए कांग्रेस व उसके नेताओं की प्रतिष्ठा लगातार कम होती जा रही है। पारख ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाषा की गरिमा सदैव सर्वोच्च रही है, लेकिन कांग्रेस हमेशा भाषा की गरिमा को ताक पर रखकर राजनीति करती आ रही है। समाज में झूठे नरैटिव को गढ़ने का टेंडर कांग्रेस ने ले रखा है। लगातार वोट चोरी जैसे कथित शब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए भाषा की गरिमा और मजबूत संसदीय व्यवस्था को ध्यान में रखकर कांग्रेस को शब्दों का चयन करना चाहिए। वोट चोरी शब्द पूरी तरह असंसदीय है और दुनिया के किसी शब्दकोष में यह शब्द नहीं है, पर कांग्रेस का पूरा राजनीतिक इतिहास असंसदीय भाषा व आचरण से भरा पड़ा है।

### देवांगन भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर के शंकरपुर वार्ड में देवांगन समाज द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, हृदय रोग सहित अन्य रोगों की जांच कर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। शहर के शंकरपुर स्थित देवांगन भवन में आयोजित इस



स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एचएल मोती रमानी एवं डॉ. गौरव जैन ने अपनी सेवाएं दी। स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के उद्देश्य को लेकर देवांगन समाज के वार्ड इकाई अध्यक्ष डॉ. चंचल देवांगन ने कहा कि बीपी, शुगर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। इनमें से कई मरीजों को पता ही नहीं होता कि उन्हें बीपी-शुगर जैसी समस्या है। समय पर लोगों को उनकी बीमारियों का पता लगे और उसके उचित उपचार को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। देवांगन समाज द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने अपना बीपी, शुगर और हृदय संबंधी निःशुल्क जांच कराई। इस अवसर पर देवांगन समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

पृष्ठ 15 का शेष

### मेगा हेल्थ कैंप में...

सचिन बघेल, अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत प्रतिमा चंद्राकर, उपाध्यक्ष जिला पंचायत किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, खूबचंद पारख, राजेन्द्र गोलछा, पार्षद कुलेश्वर ध्रुव, भरत वर्मा, सुमीत उपाध्याय, डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. पंकज लुका, अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. अतुल देशकर, उप अधीक्षक मेडिकल कॉलेज डॉ. पवन जेठानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी सहित भारतीय रेडक्रास सोसायटी सदस्य, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य, पैरामेडिकल स्टॉफ, वालेंटियर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल विद्यार्थी, मरीज एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

---

संगीन अपराधों के बाद कई क्षेत्रों में चौकी खोलने की हुई थी मांग

# मकान में खाली कुर्सियां-दरवाजे पर ताला, बंद पड़े हैं पुलिस सहायता केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते कुछ वर्षों में शहर में लगातार अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शहर के कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पर संगीन अपराध हुए हैं। इन अपराधों के बाद क्षेत्र के लोगों ने चक्काजाम, रैली, प्रदर्शन किया है और पुलिस चौकी खोलने की मांग की। इसके बाद कुछ जगहों पर पुलिस सहायता केंद्र खोला गया, लेकिन अब इस सहायता केंद्र में दरवाजे के बाहर ताले के सिवा कुछ भी नहीं मिलता है। शहर के अलग-अलग जगह में खोले गए पुलिस सहायता केंद्र महीनों से बंद पड़े हुए हैं।

शहर के स्टेशनपारा क्षेत्र में एक बच्ची से हुए अनाचार और उसकी हत्या के बाद क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश था, यहां लगातार प्रदर्शन हुए। इसके बाद पुलिस सहायता केंद्र खोला गया। वहीं लखोली और पेंड्री अटल आवास क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं के बाद लोगों की मांग पर पुलिस सहायता केंद्र खोला गया, जो अब बंद पड़े हुए है। अब यहां ना कोई फरियाद सुनता है और ना ही किसी की सहायता होती है। पुलिस सहायता केंद्र केवल नाम का रह गया है। सहायता केंद्र के बाहर बोर्ड तो लगे हैं, लेकिन भीतर पुलिस नहीं है, दरवाजे पर ताला लटका हुआ है।



#### नवागांव में भी सहायता केंद्र

बीते दिनों शहर के नवागांव क्षेत्र में हुए चाकूबाजी की वारदात के बाद लोगों ने प्रदर्शन किया और इस क्षेत्र में पुलिस चौकी खोलने की मांग की, जिस पर मंजूरी भी दे दी गई, लेकिन बाकी पुलिस सहायता केंद्र को देखकर समझ जा सकता है कि यहां खुलने वाले पुलिस चौकी कितने दिन चलेगी।

#### चौकी की मांग और खुलता है सहायता केंद्र

अपराध जन्य क्षेत्र में लोग पुलिस चौकी की मांग करते हैं, लेकिन पुलिस सहायता केंद्र खोला जाता है, जो महज एक खानापूर्ति होता है। यही वजह है कि सहायता केंद्र पर ध्यान नहीं दिया जाता है और इसे बंद कर दिया जाता है। लोगों के प्रदर्शन बाद पुलिस चौकी खोलने की बात की जाती है, लेकिन पुलिस सहायता केंद्र खोला जाता है।

#### चंद महीनों ही चले सहायता केंद्र

शहर के लखोली, पेंड्री, स्टेशनपारा जैसे क्षेत्रों में पुलिस की त्वरित सहायता के लिए इन सहायता केन्द्रों को खोला गया था, जहां चंद महीने ही पुलिस के महज एक से दो जवान तैनात रहे। इसके बाद पुलिस सहायता केंद्र ही बंद हो गया, लेकिन यह सहायता केंद्र कागज पर चालू है। शहर के स्टेशनपारा में बने पुलिस सहायता केंद्र के लिए मकान मालिक को किराये की राशि दी जाती है, लेकिन यह सहायता केंद्र बंद रहता है। महीनों से यहां पुलिस का एक भी जवान नहीं पहुंचा है। लखोली के गौठान परिसर में बने पुलिस सहायता केंद्र का बोर्ड भी फीका हो गया है और दरवाजे पर ताला लगा हुआ है। इसी तरह पेंड्री में भी पुलिस सहायता केंद्र लिखा हुआ है, फर्नीचर रखे हुए हैं, लेकिन पुलिस नहीं है।

#### पुराने सहायता केंद्र भी बंद

शहर में पहले भी कई जगह पर पुलिस सहायता केंद्र था, जो अब महाज खंडहर हो गया है। इसमें महामाया चौक, बल्देवबाग बीएनसी मिल के समीप, नंदई चौक सहित शहर के कुछ और क्षेत्र में पुराने पुलिस सहायता केंद्र थे, जो वर्षों से बंद पड़े हैं। लगातार शहर में बढ़ती आबादी, आपराधिक घटनाओं और थानों से वार्डों की अधिक दूरी के चलते त्वरित पुलिस सहायता नहीं मिल पाती है। ऐसे में पुलिस चौकियां खोलने की मांग होती है, लेकिन पुलिस महकमें में बल की कमी और फंड के अभाव के चलते सहायता केंद्र खोला तो जाता है, लेकिन इसका संचालन सुचारू नहीं हो पाता है।

---

### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले एवं अशांति फैलाने वाले 3 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 सितंबर को रात्रि में चौकी चिखली पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर रेड कार्रवाई किया गया। जिसमें सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले तिलई वेयर हाऊस के सामने आरोपी रोशन साहू 28 साल, एबीस वेयर हाऊस के पास तिलई में आरोपी रितेश सिन्हा 28 साल, गठुला बरगाही नाला के पास आरोपी अविनाश मेश्राम 30 साल के विरूद्ध पृथक-पृथक आबकारी एक्ट की धारा 36(च) के तहत वैधानिक कार्रवाई किया गया।

#### तीन अनावेदक पर कार्रवाई

पुलिस के अनुसार चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद-विवाद की सूचना के आधार पर 17 सितंबर को आमजन एवं गवाहों के साथ लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण आशंका पर विजय साहू 38 साल, सैय्यद अकिब अली 27 साल, डोमनलाल यादव 27 साल अनावेदकों को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

---

## लाखों की लागत से बनी शहद ईकाई उपेक्षा का शिकार, मवेशियों का बना अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

गांव, गरीब, वनवासियों की समृद्धि और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के नाम पर शासन द्वारा सरकारी खजाने से करोड़ों रूपए की राशि निकालकर जिले में कई योजनाएं प्रारंभ की गई है। लेकिन इन योजनाओं की मौजूदा स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि इनका उद्देश्य गांव, गरीब, वनवासियों की समृद्धि और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना नहीं बल्कि कुछ और ही था। इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण जिले के विकासखण्ड बोड़ला में साफ देखा जा सकता है। बताया जाता है कि यहां शासन ने लाखों रूपए की राशि खर्च कर वर्षो पूर्व शहद प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ किया था। मंशा थी कि बैगा आदिवासी बाहुल्य विकासखण्ड बोड़ला के वनवासियों को शहद संग्रहण के कार्य से जोड़ना और उन्हें समृद्ध तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाना। लेकिन आज बोड़ला का यह शहद संग्रहण केन्द्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। जिस भवन को क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन का केन्द्र बनना था, वह अब मवेशियों का बसेरा बन चुका है। भवन के शीशे टूटे पड़े हैं, अंदरूनी हिस्से बिखरे पड़े हैं और हालात यह हैं कि वहां मवेशी घुसकर आराम फरमा रहे हैं। शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते यह इकाई सिर्फ कागजों पर ही संचालित दिखाई देती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इकाई के जरिए शहद उत्पादन व प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर ग्रामीणों को आय का साधन उपलब्ध कराया जा सकता था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह योजना सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी साबित हो रही है। आम जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस भवन की मरम्मत कराते हुए इकाई को पुनः चालू किया जाए, ताकि क्षेत्रीय किसान, वनवासी और बेरोजगार युवक इसका लाभ उठा सकें और यह भवन विकास का प्रतीक बने, न कि उपेक्षा का उदाहरण।

## बागेश्वर धाम में होगी पदयात्रियों की सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मां बम्लेश्वरी जाने वाले पदयात्रियों की सेवा क्वांर नवरात्र में सेवा ही उद्देश्य के तहत मां बम्लेश्वरी देवी पंडाल श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में नगरवासियों व शिवभक्तों द्वारा की जाएगी। सनातन धर्म में मानव धर्मार्थ सेवा ही श्रेष्ठ सेवा है, इसी उद्देश्य के तहत डोंगरगढ़ में माता बम्लेश्वरी तीर्थ दर्शन को जाने वाले पदयात्रियों की सेवा हेतु पूर्व तैयारियों एवं सेवा कार्यकारिणी गठन के लिए श्री बागेश्वर धाम भवन में बैठक आयोजित की गई। उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर, विजय गुप्ता, राजेश शर्मा व सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि श्री बागेश्वर उत्सव भवन में पदयात्रियों हेतु विशेषकर विश्राम, स्नान, शौच के साथ-साथ स्वल्पाहार, भोजन, फल, मोबाइल चार्जिंग आदि की सुविधा रहती है। सेवा व कार्य विभाजन हेतु आयोजित बैठक में संरक्षक डीसी जैन, हरजीत भाटिया, शैलेन्द्र तिवारी, रामावतार जोशी, अमलेंदु हाजरा, राजेश शर्मा, शरद गुप्ता, राकेश ठाकुर, योगेश साहू, सौरभ खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता द्वारा अपने-अपने विचार प्रकट किए गए। श्री बागेश्वर धाम मंदिर के सेवकों व भक्तों द्वारा नगरवासियों से इस धर्मार्थ सेवा कार्य में तन-मन-धन से मानव धर्मार्थ मां बम्लेश्वरी पदयात्रियों की सेवा में शामिल होने का आग्रह किया है।

## जल जीवन मिशन में भारी अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत कोपेडीह में जल जीवन मिशन के कार्यों में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की पोल अब खुलकर सामने आ गई है। जनपद सदस्य सरिता साहू और जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू की पहल पर जब शिकायत जिलाधीश तक पहुंची तो विभागीय टीम को मौके पर आना पड़ा। निरीक्षण में यह साफ हो गया कि कागजों में पूरा बताया गया काम जमीनी स्तर पर अधूरा और खामियों से भरा हुआ है।

#### ग्रामवासी रहे मौजूद

निरीक्षण में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य क्रांति बंजारे, सरपंच बीरसिंग चंद्रवंशी, उपसरपंच टेलन सिंग, पंच जीवधन वर्मा, किसान नेता गौतम वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

#### निरीक्षण में उजागर हुई खामियां



#### शिकायतों को किया नजर अंदाज

काफी समय से जनपद सदस्य सरिता साहू जल जीवन मिशन के अधूरे और भ्रष्ट कार्यों की जांच की मांग कर रही थी। विभागीय इंजीनियर और एसडीओ लगातार शिकायतों को नजर अंदाज करते रहे। आखिरकार सरपंच, उपसरपंच और पंचों के साथ मिलकर सरिता साहू ने जिलाधीश को शिकायत दी। इस शिकायत के बाद ही विभाग हरकत में आया।

#### पाईप लाइन अधूरी

पीएचई विभाग के समीर शर्मा ने अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदार को मौके पर बुलाकर निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कई खामियां सामने आई। कई जगह पाईप लाइन कनेक्शन से जुड़ी ही नहीं थी, जहां जुड़ी थी वहां लीकेज हो रही थी। एक साल पहले बनी टंकी केवल टेस्टिंग कर छोड़ दी गई थी। टंकी से पानी पाईप लाइन में नहीं जा रहा था, क्योंकि लाइन अधूरी थी। टंकी की सफाई और ओवर फ्लो निकासी पाईप भी अधूरी पाई गई।

#### पूरा करने का अल्टीमेटम

निरीक्षण के बाद पीएचई विभाग के शर्मा ने कहा कि 10 से 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण होना चाहिए और पानी सीधे ग्रामवासियों के घरों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदार किसी भी कीमत पर नहीं बख्शे जाएंगे।

## दो कैडेट ने कैम्प में प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के एनसीसी नेवल के दो कैडेट राहुल लहरे और शिव चौधरी ने ऑल इंडिया नव सैनिक कैंप 2025 लोनावला में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। साथ ही एमपी व सीजी डायरेक्टरेट ने 17 डायरेक्टरेट के मध्य होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अपने प्रदेश एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्य सुचित्रा गुप्ता द्वारा एनसीसी नेवल के एएनओ विकास कांडे एवं कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा द्वारा छात्रों को बधाई दिया गया।

## जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

केसीजी जिले के थाना क्षेत्रों में एनडीपीएस के प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों का जिला स्तर पर नष्टीकरण किया गया।



पुलिस सूत्रों के अनुसार छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जिलों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति गठित किया गया है।

#### गांजा, टेबलेट का किया गया नष्टीकरण

जिसके द्वारा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जब्त मादक पदार्थ गांजा व अवैध नशीले टेबलेट, कैप्सूल के विरूद्ध विगत वर्षों में किए गए कार्रवाई की जानकारी एकत्र कर 14 प्रकरणों में न्यायालय से विधिवत अनुमति लिया। प्रकरणों में जब्त 266.6 किग्रा गांजा, 701 नग टेबलेट, कैप्सूल कुल कीमती 3,97,506 रुपए को जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति के सदस्यों तथा पंचानों की उपस्थिति में 17 सितंबर को बीबीसी राइसमिल चिखलदाह जिला केसीजी के भट्ठी में गांजा को विधिवत जलाकर एवं नशीली कैप्सूल, टेबलेट को जेसीबी के माध्यम से दबाकर विधिवत नष्टीकरण की कार्रवाई संपन्न किया गया है।





## खबर संक्षेप

### भगवान विश्वकर्मा जयंती पर कारपेंटर संघ का भव्य सांस्कृतिक महोत्सव आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** कलाकुंज कारपेंटर संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना एवं पूजा-अर्चना के साथ भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम आगामी 18 सितंबर को कवर्धा के सहसपुर लोहारा रोड स्थित सुमित बाजार के सामने आयोजित होगा। संघ के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार सुनील सोनी अपनी छत्तीसगढ़ी परंपरा पर आधारित लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी कार्यक्रम में व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु व नागरिक सम्मिलित होंगे। संघ के कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस बार का आयोजन और भी भव्य स्वरूप में होगा। कार्यक्रम की तैयारी में संजय साहू, सोमू शर्मा, अजय गुप्ता, शंकर ठाकुर, गोलू ठाकुर, भृगु वर्मा, महेश यादव सहित संघ के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। संघ ने सभी नागरिकों से परिवार सहित इस सांगीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद और छत्तीसगढ़ी लोक-संस्कृति का लुत्फ उठाने अपील की।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंझेटा में इंजीनियर डे मनाया गया




**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 सितंबर अभियंता दिवस के अवसर व्यावसायिक कोर्स कंस्ट्रक्शन के प्रशिक्षकों और छात्र छात्राओं के द्वारा अभियंता दिवस ( इंजीनियर्स डे ) मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य संजय वैष्णव ने संबोधित किया कि भारत में प्रति वर्ष महान अभियंता और भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रशिक्षक निलेश कुंभकार ने छात्र छात्राओं को बताया कि एम विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजीनियरों में से एक थे, इन्होंने ही आधुनिक भारत की रचना को और भारत को नया रूप दिया। उक्त कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नेऊरगांव खुर्द के युवाओं की पहल रंग लाई, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 4 करोड़ की मिली सहमति



**हरिभूमि कवर्धा।** नेऊरगांव खुर्द के युवाओं की लगन और एकजुटता आखिरकार रंग लाने लगी है। गांव के युवा संगठन युवा मुट्ठी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से भेंटकर गांव की विभिन्न मांगों और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी पंद्रह दिन पहले युवाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। उसी क्रम में 31 अगस्त को दिए गए आवेदन पर डॉ श्री सिंह ने गंभीरता से विचार करते हुए 3 सितंबर को उसे मुख्यमंत्री के पास भेजा था। मुख्यमंत्री ने भी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए मांगों को संबंधित विभागों को अग्रेषित किया था। आज की भेंट में प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित स्टेडियम से पूर्व महतारी घाट एवं रिटर्निंग वाल निर्माण की मांग रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी मांगों को सहर्ष स्वीकार करते हुए मंजूरी हेतु अग्रेषित किया। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि गांव के तालाब सौंदर्यीकरण हेतु कवर्धा के काली गार्डन की तर्ज पर लगभग 4 करोड़ रुपए की स्वीकृति की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसे गांव के लिए ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सौगात माना जा रहा है। गांव के युवाओं ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल आने वाले समय में नेऊरगांव खुर्द के विकास की नई दिशा तय करेगी।

न्यायालयः- प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पंडरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी- आलोक कुमार अग्रवाल)
-:: आम ईश्तहार / सूचना पत्र ::-
सि.नि.प्र.प्र. 03/2024, प्रोसेस क्र.- 354/25 एवं 356/25
अशोक कुमार वगै. विरुद्ध रामकुमार वगै.
पेशी तारीख 08/10/2025
प्रति,
1. कृष्ण कुमार, उम्र 63 वर्ष, पिता- श्री मंतराम चंद्राकर, निवासी ग्राम- भरेवापूरन, तहसील- कुंडा, जिला कबीरधाम ( छ.ग.),
2. रजनी बाई, उम्र-54 वर्ष, पिता-रामफल, निवासी-नानापुरी, तहसील-पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
इस न्यायालय में डिक्रीधारीगण अशोक कुमार वगै., निवासी ग्राम भरेवापूरन, तहसील- कुंडा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा निष्पादन आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 10 सि.प्र.सं. प्रस्तुत किया गया है, जिसमें आगामी सुनवायी की तिथि 08/10/2025 नियत है। अतः आपको उक्त नियत दिनांक को इस न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है।
उक्त नियत दिनांक को स्वयं अथवा किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों। यह भी निर्देश दिया जाता है कि उक्त नियत दिनांक को या उसके पूर्व इस न्यायालय में अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को जो कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह कब्जे या शक्ति में हो या न हो प्रतिरक्षा या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
यह भी सूचित किया जाता है कि ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें, तो निष्पादन की सुनवायी और उसका निपटारा डिक्रीधारी को संबंधित डिक्रीधारी भूमि का स्वामी मानते हुए उनके पक्ष में किया जावेगा। यदि उक्त नियत दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं, तो मामले की सुनवायी आगामी कार्यदिवस में की जावेगी।
आज दिनांक 12 माह सितम्बर, सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
स्थान- पंडरिया
दिनांक- 12/09/2025
आलोक कुमार अग्रवाल
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कवर्धा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश पंडरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
मुहर





## धर्मांतरण पर प्रहार, घर वापसी से मिली नई राह, विधायक ने पैर पखारकर किया अभिनंदन

# भावना बोहरा के प्रयासों से वनांचल के 70 से अधिक लोगों ने की अपने मूल धर्म में वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार से लेकर आदिवासी एवं वनवासी संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहें हैं। जमीनी स्तर पर उनके इन प्रयासों से वनांचल क्षेत्रों में निवास करने वाले जनजाति परिवारों को लाभ मिल रहा है तो वहीं आज पंडरिया विधानसभा में भोले-भाले जनजाति समाज के लोगों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ा प्रहार हुआ है। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत 70 लोगों की आज घर वापसी हुई।

विधायक भावना बोहरा ने विशेष पिछड़ी जनजाति छात्रावास मैदान, कुई-कुकदुर में सेवा दिवस के अवसर पर आयोजित संस्कृति गौरव सम्मान एवं अभिनंदन समारोह में ग्राम झूमर, बोहिल, आगरपानी, नेउर और छिंदीडीह के 70 जनजाति समाज के लोगों के पैर पखारकर अभिनंदन एवं स्वागत कर उन्हें मूल धर्म में वापसी कराया। इस दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अभियान की जानकारी एवं जागरूकता के लिए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक भावना ने कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है सबसे पहले उन्हें पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ और उनके सुयशपूर्ण, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करती हूँ।

आज प्रधानमंत्री के युगांतकारी निर्णयों एवं जन-कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से देश की मातृशक्ति, सैन्यशक्ति, युवाशक्ति, आदिवासी समाज और कृषक बंधुओं के सशक्तिकरण हेतु किए जा रहे कार्य विकसित भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। अंत्योदय के संकल्प के साथ वे हर जाति, धर्म और समाज को एक साथ देश की इस विकास यात्रा का सहभागी बनाकर उनके जीवन को बेहतर बनाने एवं देश के विकास को नई गति देने के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य कर रहें हैं। हमारी धार्मिक संस्कृति, विरासत एवं सभ्यता को सहेजने में भी उनके प्रयासों से आज हमारा देश समृद्ध बन रहा है, विशेषकर हमारे जनजाति समाज के लोगों के कल्याण, सम्मान व उत्थान के लिए उनकी निरंतर तत्परता से उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहें हैं वहीं हमारे छत्तीसगढ़ में भी जनजाति और आदिवासी समाज के प्रति उनका स्नेह स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। उन्होंने आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व के नए अवसर दिए और श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्य पद राष्ट्रपति और आदिवासी समाज से आने वाले विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनाकर आदिवासी समाज के प्रति सम्मान को व्यक्त किया है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर हमने भी पंडरिया विधानसभा में निरंतर आदिवासी एवं जनजाति समाज के उत्थान और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयास किया। भावना बोहरा ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, शैक्षणिक सुविधाओं, निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, अधोसंरचना व विकास कार्य, जनजाति परिवारों के लिए 3300 से अधिक पीएम आवास, पीएम जनमन योजना से करोड़ों की लागत से पक्की सड़कों का निर्माण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही विधानसभा पटल पर उनकी समस्याओं व उसके समाधान के लिए निरंतर आवाज उठाई है। उनकी संस्कृति, सभ्यता और धरोहरों को सहेजने की दिशा में कार्य किया। उसी के फलस्वरूप आज पंडरिया विधानसभा के जनजाति समाज के 70 लोगों ने घर वापसी करते हुए अपने मूल धर्म को अपनाया जिनका हमने सहर्ष स्वागत करते हुए आज इस कार्यक्रम के माध्यम से उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा के इन प्रयासों के लिया बधाई देते हुए उपस्थितजनों को संबोधित किया और कहा कि यह एक सार्थक पहल है और जनजाति समाज के कल्याण व उत्थान के लिए हम हमेशा प्रयास करते रहेंगे। पूर्व नगर संघचालक हरीश लुनिया ने कहा कि कई वर्षों से क्षेत्र में धर्मांतरण चल रहा था जिसे रोकने के लिए हम लगातार प्रयासरत रहें और आज भावना बोहरा को इसके लिए बधाई देता हूँ जिनके प्रयासों से 70 लोगों ने घर वापसी कर अपनी जड़ों से जुड़ें। कुकदुर मंडल अध्यक्ष बसंत वटिया ने भी भावना बोहरा को बधाई देते हुए कहा कि हमारे जनजाति समाज के कल्याण और उनकी संस्कृति के संरक्षण हेतु भावना बोहरा द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। हाल ही में ग्राम सारपानी के निवासियों का भू-नक्शा लंबित था जिसकी जानकारी उन्हें दी गई और तत्काल उनके प्रयासों से वर्ष 2016-17 से लंबित ग्राम सारपानी का भू-नक्शा, भुईयां सॉफ्टवेयर में अपलोड हो गया है जिससे वहां के स्थानीय निवासी व किसानों को कई प्रकार के लाभ मिलेंगे।

### संस्कृति व पहचान को पुनः प्राप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम

धर्मांतरण के विषय पर भावना बोहरा ने कहा कि घर वापसी केवल आस्था का विषय नहीं है यह संस्कृति और पहचान को पुनः प्राप्त करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। कुछ लोगों द्वारा प्रलोभन देकर अपने निजी स्वार्थ के लिए हमारे जनजाति व आदिवासी समाज के लोगों को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है उनकी संस्कृति व विरासत को नुकसान पहुंचाकर वर्षो पुरानी प्राचीनकाल से चली आ रही सभ्यता को समाप्त करने का काम किया जा रहा है, लेकिन भाजपा सरकार उनके इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। यह मुद्दा न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा से जुड़ा है, बल्कि हमारी संवैधानिक मूल्यों, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक सद्भाव की परीक्षा भी है। छत्तीसगढ़, आदिवासी संस्कृति और प्रकृति की गोद में बसा हमारा यह राज्य, सदियों से विविधता का प्रतीक रहा है। लेकिन हाल के वर्षों में जबरन या प्रलोभन से धर्मांतरण की घटनाओं ने न केवल हमारी परंपराओं को खतरा पहुंचाया है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर किया है।

### आदिवासी संस्कृति जो जल, जंगल और जमीनों की रक्षा करती है

उन्होंने कहा कि विदेशी फंडिंग से संचालित एनजीओ और मिशनरी गतिविधियां आदिवासी समुदायों को लक्ष्य बना रही हैं। यह केवल एक साजिश का हिस्सा लगती है, जो हमारी आदिवासी पहचान को मिटाने का प्रयास है। प्रदेश में धर्मांतरण को रोकने के लिए 2024 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 1968 के धर्म स्वतंत्रता अधिनियम में संशोधन का ड्राफ्ट तैयार किया, जिसमें धर्मांतरण से 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को सूचना देना अनिवार्य होगा। पुलिस को इरादे की जांच का अधिकार मिलेगा और अवैध परिवर्तन पर 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा है कि यह कानून आदिवासियों की रक्षा के लिए लाया जाएगा, क्योंकि धर्मांतरण केवल व्यक्तिगत पसंद का विषय नहीं, यह सांस्कृतिक आक्रमण है। यह समय एकजुट होने का है। हमारी आदिवासी संस्कृति जो जल, जंगल और जमीनों की रक्षा करती है उन्हें बचाना हमारा कर्तव्य है।

# साधना मरकाम का राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



25वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघारी विकासखंड बोड़ला में अध्यनरत कक्षा 10 वी की छात्रा साधना मरकाम पिता मोहित कुमार मरकाम का चयन अंडर-17 बालिका वर्ग के जगदलपुर में आयोजित 21 से 24 सितंबर तक होने वाली एथलेटिक प्रतियोगिता में चयन हुआ है। साधना के चयन से व्यायाम शिक्षक मनहरण देवांगन के मार्गदर्शन व साधना के कड़ी मेहनत एवं लगन से यह मुकाम हासिल कर पाए। विद्यालय के छात्रा का चयन होने पर संस्था के प्राचार्य माखन सिंह मरकाम, समस्त स्टाफ एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष संतोष बिंझिया ने हर्ष व्याप्त करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में विजय हासिल करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

### सायकल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे



**हरिभूमि बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण का कार्यक्रम में कक्षा 9 वी में नव-प्रवेशित बालिकाओं को सायकिल प्रदान किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति के 9, पिछड़ा वर्ग के 9 कुल 18 बालिकाओं को सायकल वितरित की गई। यह छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जिला भाजपा, श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत, विशिष्ट अतिथि नन्द श्रीवास उपाध्यक्ष जनपद, श्रीमती गंगा लोकचंद साहू जिला पंचायत सदस्य, माधुरी भागवत बंजारे जनपद सदस्य, पुष्पा मरकाम सरपंच, रमेश यादव उपसरपंच, अनुज साहू कार्यकारिणी सदस्य, लेखराम साहू बूथ अध्यक्ष, रोशन साहू, हेमलाल, पवन, धनुष, माइक लाल, विशुन, मंगल पुरैना पंच, पुन्नी पाली, लालचंद यादव, सुखू साहू, आशा राम लहरें, प्रीतम वर्मा जनपद सदस्य, संत वर्मा, हेमलाल साहू आदि जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रमुख एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, नीलम वर्मा, सरिता बखला, सुनीता कौशिक, समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषि मिश्रा अध्यक्ष शाला विकास समिति के द्वारा किया गया। वहीं अतिथियों द्वारा अच्छे पढ़-लिखकर आगे बढ़ने एवं शिक्षा गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सायकल योजना से संबंधित बाते बताई गई। बालिकाएं सायकिल पाकर प्रफुल्लित एवं मन प्रसन्न चित नजर आए।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का आगाजः घुरूवाराम



**हरिभूमि पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आगाज हुआ। जिसमें शास.पूर्व माध्य.शाला पीएमश्री पिपरिया के बच्चों द्वारा नगर पंचायत पिपरिया से बड़े बाजार तक स्वच्छता रैली को नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू द्वारा हरी झंड़ी दिखा कर शुभारंभ किया गया। जिसमें निकाय के जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें। रैली बड़े बाजार पहुंचने पर शामिल जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, तत्पश्चात नपं अध्यक्ष घुरूवाराम साहू द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आगाज हुआ। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान को आज हमारे प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा है। हम सभी आज ये संकल्प लेवें की अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाएं तथा पिपरिया को भी स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने का संकल्प लेवें। उक्त अवसर पर निकाय के उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल के अलावा क्रमशः पार्षद राजेन्द्र गुप्ता, प्रेमलाल साहू, दुर्गेश साहू, गणमान्य नागरिकों क्रमशः राजेन्द्र नाविक, नंदा पाटिला, रविन्द्र देवांगन, नरेश साहू, मनोज नाविक, पूर्व पार्षद लोकेश साहू के अलावा निकाय के स्वच्छता दीदीयों के साथ साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर सिंह नेताम, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

## भाजपा मण्डल कुण्डा ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

# धार्मिक, सार्वजनिक व शासकीय स्थानों पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

भाजपा मण्डल कुण्डा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कुण्डा के धार्मिक, सार्वजनिक एवं शासकीय स्थानों पर साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम व मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन का आयोजन किया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं कार्यक्रम मण्डल प्रभारी सभापति जिला पंचायत रामकुमार भट्ट व कार्यक्रम के मण्डल संयोजक, पूर्णकालिक प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी एवं सह आयोजक श्रवण साहू व मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी एवं मां की नाम एक पेड़ कार्यक्रम के प्रभारी महामंत्री मनहरण साहू, स्वच्छता अभियान प्रभारी महामंत्री सुमन गुप्ता के दिशा-निर्देश पर श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं बस स्टैंड व भारत माता चौक में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई किया गया। वही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुण्डा परिसर में प्रभारी मनहरण साहू के नेतृत्व पौधरोपण किया गया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के प्रदर्शन के प्रभारी रामस्वरूप साहू के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री के जीवनी पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद ने अपने उद्बोधन में कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का आगाज 2 अक्टूबर 2014 को राजघाट से किया था, उन्होंने कहा यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका उद्देश्य गलियों सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। उन्होने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश को दासता मुक्त कराया परंतु स्वच्छ भारत का उनका सपना पूरा नहीं हुआ महात्मा गांधी ने अपने आस पास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने सम्बंधि शिक्षा प्रधान कर राष्ट्र को एक उत्कृट संदेश दिया था। उक्त कार्यक्रम में मण्डल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओबीसी रामस्वरूप साहू, महामंत्री मनहरण साहू, मण्डल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा ध्वजाराम चंद्राकर, प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी, महामंत्री सुमन गुप्ता, अमन खनूजा, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, मनोज ठाकुर, कोषाध्यक्ष गणेश यादव, साहेब लाल सोलंकी, रमन खनूजा, भूपेंद्र चंद्राकर, सरिता वैष्णव, कुंवरिया चंद्राकर, गणेश सोलंकी, संजय चंद्रवंशी, मोहन कुर्रे, जेठू निर्मलकर, सुरेश साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, प्रताप सेन, लवकुश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष महिला मोर्चा ओबीसी मोर्चा युवा मोर्चा किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी उपस्थित थें।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**श्रमदान:** डिप्टी सीएमश्री शर्मा ने बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का किया शुभारंभ

# स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरात्तव,पर्यटन एवं जन आस्था के केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में श्रमदान कर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छोत्सव की थीम पर चलने वाली स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार है। महात्मा गांधी के सपनों का भारत तभी बनेगा जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी आदत बनाए। यह अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक जिले के कोने-कोने में चलेगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनपद पंचायत बोड़ला की अध्यक्ष श्रीमती बलका राम किनकर को 600 परिवारों के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 72 लाख रुपए की राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार खुले में शौच की समस्या से मुक्त हो और स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाया जाए। उन्होंने स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने वाली स्वच्छ ग्राही दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और कहा दीदियों का योगदान प्रेरणादायी है, जनसहयोग से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। भोरमदेव मंदिर परिसर में हुए इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उप मुख्यमंत्री के साथ जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, बोड़ला की अध्यक्ष श्रीमती बालका राम किनकर, उपाध्यक्ष नंद कुमार श्रीवास, नीलू राम साहू, गोपाल साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र छवई, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय लोग पंच सरपंच भी शामिल हुए। सभी ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और मंदिर परिसर को साफ-सुथरा बनाने में सहयोग किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस दौरान बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के रूप में मनाई जाएगी। आज से प्रारंभ करके जिला मुख्यालय से लेकर विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि गांधीजी के सपनों के भारत को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस है, और उनकी मंशा है कि इस अवसर पर विशेष सेवा कार्य किए जाएं। इसी उद्देश्य से भोरमदेव में तालाब की पचरी और मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि महतारी दीदियों ने आज अपनी मेहनत और समर्पण से स्वच्छता अभियान को गति दी है, और उनकी प्रेरणा से ही गांव-गांव को स्वच्छ बनाने का संकल्प साकार हो रहा है।

## रक्तदान सबसे बड़ी मानव सेवा: उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा






जिला चिकित्सालय कवर्धा में आज स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर शिविर में स्वयं रक्तदान कर समाज को यह संदेश दिया कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का कार्य है बल्कि यह मानवीय संवेदनाओं की सबसे बड़ी मिसाल है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित युवाओं ने भी रक्त दान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने रक्तदान शिविर में उपस्थित युवाओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। रक्तदान के दौरान उन्होंने कहा कि रक्त की हर बूंद किसी के जीवन को बचा सकती है। यह सबसे बड़ा पुण्य और सच्ची मानव सेवा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग यदि नियमित रूप से रक्तदान की परंपरा को अपनाए, तो रक्त की कमी से किसी भी मरीज को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे रक्तदान को सामाजिक दायित्व समझकर अधिक से अधिक संख्या में इसमें भाग लें। उन्होंने निरंतर रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज और सशक्त परिवार की दिशा में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है और इससे अनेक जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, संतोष पटेल, जसविंदर बग्गा सहित बड़ी भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थिति थे।

## लाखों की लागत से बनी शहद ईकाई उपेक्षा का शिकार, मवेशियों का बना अड्डा




हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

गांव, गरीब, वनवासियों की समृद्धि और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के नाम पर शासन द्वारा सरकारी खजाने से करोड़ों रूपए की राशि निकालकर जिले में कई योजनाएं प्रारंभ की गई है।

लेकिन इन योजनाओं की मौजूदा स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि इनका उद्देश्य गांव, गरीब, वनवासियों की समृद्धि और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना नहीं बल्कि कुछ और ही था। इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण जिले के विकासखण्ड बोड़ला में साफ देखा जा सकता है। बताया जाता है कि यहां शासन ने लाखों रूपए की राशि खर्च कर वर्षो पूर्व शहद प्रसंस्करण इकाई का शुभारंभ किया था। मंशा थी कि बैगा आदिवासी बाहुल्य विकासखण्ड बोड़ला के वनवासियों को शहद संग्रहण के कार्य से जोड़ना और उन्हें समृद्ध तथा आर्थिक रूप से सक्षम बनाना। लेकिन आज बोड़ला का यह शहद संग्रहण केन्द्र अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। जिस भवन को क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन का केन्द्र बनना था, वह अब मवेशियों का बसेरा बन चुका है। भवन के शीशे टूटे पड़े हैं, अंदरूनी हिस्से बिखरे पड़े हैं और हालात यह हैं कि वहां मवेशी घुसकर आराम फरमा रहे हैं। शासन-प्रशासन की लापरवाही के चलते यह इकाई सिर्फ कागजों पर ही संचालित दिखाई देती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इकाई के जरिए शहद उत्पादन व प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर ग्रामीणों को आय का साधन उपलब्ध कराया जा सकता था। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह योजना सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी साबित हो रही है।

आम जनता ने प्रशासन से मांग की है कि इस भवन की मरम्मत कराते हुए इकाई को पुनः चालू किया जाए, ताकि क्षेत्रीय किसान, वनवासी और बेरोजगार युवक इसका लाभ उठा सकें और यह भवन विकास का प्रतीक बने, न कि उपेक्षा का उदाहरण।

## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थियों से 23 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** संघ लोकसेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा प्रारंभिक वर्ष 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले प्रदेश के संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना वर्ष 2010 के अंतर्गत प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर पर एक लाख प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। पात्र अभ्यर्थियों से 23 सितंबर 2025 तक आवेदन आमंत्रित है। पात्रता शर्ते तथा आवेदन पत्र का प्रारुप विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### छमुमो ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा राजनांदगांव कपड़ा मजदूर संघ के नेतृत्व में 12 सितंबर 1984 में बीएनसी मिल मजदूर आंदोलन गोलीकांड में शहीद हुए शहीद राधे बालक, शहीद जगतराम सतनामी, मेहतरू देवांगन, घनाराम देवांगन को शहीद बेदी तुलसीपुर में शहीद परिवार के साथ शहीदों को गगनबेदी शहीदों का रास्ता अमल करो, शहीद शंकर गुहा नियोगी अमर रहे, शहीद वीरनारायण सिंह अमर रहे के नारों के साथ पूजा-अर्चनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष जनकलाल ठाकुर, उत्तम कुमार, प्रेमनारायण वर्मा, मेघदास वैष्णव बसंत साहू, कन्हैयालाल खोब्रागढ़े, अशोक मारकण्डे, आजूराम साहू, सुकलाल साहू, रामचरण नेताम, भगोली वर्मा, सुदर्शन वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पीएम आवास योजना के 76 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश, प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करना हम सबका संकल्पः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 76 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल व उपस्थित पार्षदों ने आज 76 हितग्राहियों को चाबी व आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान कर नवीन आवास के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को 75 साल के हो गए, उनके जन्मदिन के मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया एवं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की गई है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सपनों को साकार करने के लिए हर घर को छत देना हम सबका संकल्प होना चाहिए। उन्होनें बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक अंतर्गत 76 लाभार्थी परिवारों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। सभी हितग्राही को मिलने वाली राशि पूर्ण रूप से प्रदान किया जा चुका है इस अवसर पर सभी परिवारों को चाबी के साथ पूर्णता प्रमाण पत्र भी दिया गया। उन्होनें सभी परिवारों को नवीन आवास के लिए बधाई व शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीघार्यु होने की कामना की। नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल ने कहा कि अब गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ मिलने से वे अब किराए के घर या झोपड़ी में नहीं रहेंगे। पीएम आवास में अब बिना किसी परेशानी के पूरी सुविधा के बीच रहते हुए जीवन यापन कर सकेंगे। कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सुनील साहू, योगेश चंद्रवंशी, दीपक सिन्हा, संजीव कुर्रे, तिलक झारिया, सुरेन्द्र पाण्डेय, सोनू उपाध्याय, कैलाश कौशिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू, उपअभियंता राजेश मिश्रा, विरेन्द्र नवघरे, बद्री राम साहू, सीएलटीसी सत्येन्द्र कौशिक, पीआईयू होमेश मानिकपुरी सहित अधिक संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## वन अपराध प्रकरणों पर कार्यवाही विषयक दिया गया प्रशिक्षण



**कवर्धा।** वनमण्डल अधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन में गत मंगलवार को कवर्धा काष्ठागार हॉल में वन अपराध प्रकरणों पर कार्यवाही विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस प्रशिक्षण में सेवानिवृत्त उपवनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र ठाकुर द्वारा वन अपराध प्रकरणों से संबंधित महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वन अपराध दर्ज करने की प्रक्रिया, स्थल पर तैयार किए जाने वाले अभिलेख एवं आवश्यक सावधानियां, केस डायरी संधारण, विभिन्न अधिनियमों के अंतर्गत अपराधों की पहचान, छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम, छत्तीसगढ़ वन उपज व्यापार विनियमन नियम, बढ़ईगिरी का पंजीयन एवं आरामशीन की जांच, जप्ती की प्रक्रिया, अतिक्रमण पर बेदखली की कार्यवाही तथा कोर्ट चालान की प्रक्रिया जैसे बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में वनमण्डल कवर्धा के उपवनमण्डलाधिकारी, चयनित प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, एससीएफओ, सीएफओ एवं बीएफओ सक्रिय रूप से उपस्थित थे।

## गुरु तेग बहादुर जी के शहादत शताब्दी यात्रा में दिव्य अस्त्रों की भव्य आरती, विजय शर्मा ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



सिखों के नवमे गुरु, गुरु तेग बहादुर जी की 350 वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर असम से प्रारंभ हुई ऐतिहासिक यात्रा का आज कवर्धा में भव्य स्वागत किया गया। यह पावन यात्रा पूरे भारत के अनेक राज्यों से होकर अंततः अनंतपुर साहिब में संपन्न होगी। यात्रा की झांकी में हिन्द के चादर कहे जाने वाले गुरु तेग बहादुर जी के दिव्य शस्त्र, गुरु अर्जन देव जी एवं गुरु गोविंद सिंह जी के दिव्य शस्त्र विशेष दर्शन हेतु रखे गए थे। पंच प्यारे की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी भी पावन स्वरूप में विराजित रहे, जिनका श्रद्धालुओं ने नतमस्तक होकर वंदन किया। कवर्धा पहुंचने पर स्थानीय सिग्नल चौक पर दिव्य अस्त्रों की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में श्री गुरु ग्रंथ साहब जी एवं दिव्य अस्त्रों का विधिवत आरती कर स्वागत किया गया। यात्रा के कवर्धा आगमन पर स्थानीय सिख समाज के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु, नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा गुरु तेग बहादुर जी ने अपनी शहादत से पूरे हिन्दुस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। उनका त्याग और बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। कवर्धा में इस यात्रा का आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात है। श्री गुरु ग्रंथ साहब जी एवं दिव्य अस्त्रों का दर्शन और आरती करना अविस्मरणीय क्षण है। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल साहू, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा, भाजपा कार्यकर्ता, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## ओजोन परत संरक्षण का महत्त्व एवं स्वच्छता ही सेवा का शपथ



**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल बैरख प्रांगण में गत मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा की शपथ ली गई। विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने बताया कि 16 सितम्बर को विश्व ओजोन परत संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1987 में ओजोन परत को नष्ट करने वाले पदार्थों पर किए गए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य ओजोन परत के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उसके संरक्षण के वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह दिन लोगों को ओजोन परत के क्षरण के बारे मे याद दिलाता है। जो पृथ्वी को सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। यह दिवस ओजोन संरक्षण के लिए वैश्विक सहयोग और वैज्ञानिक विकास की आवश्यकता पर जोर देता है। शिक्षिका चमेश रावटे ने बताया कि पृथ्वी को बचाने के लिए ओजोन परत बेहद जरूरी होती है। इसको लेकर लोगों में जागरूकता लाने के लिए हर साल 16 सितम्बर को विश्व ओजोन संरक्षण दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव, शिक्षिका चमेश सिंह, मंजू नागवंशी, प्रधान पाठक आरती झारिया में एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।




**कवर्धा नगर के कई स्थानो में स्थापित की गई भगवान विश्वकर्ता की प्रतिमा**

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा नगर सहित अंचल में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। जयंती के मौके पर बुधवार को लोगों ने भगवना विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना की और आशिर्वाद प्राप्त किया। वहीं अभियंता कार्यालय, नगर पालिका, वाहन मालिक संघ व दूसरे संगठनों द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक प्रतिमा भी स्थापित की। संबंधित दुकानदारों ने पर्व विशेष के मौके पर अपनी दुकानों की साफ-सफाई कर विशेष साज-सज्जा की। वहीं कुछ संगठनों ने आकर्षक पंडाल बनाकर भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा स्थापित की। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बढ़ाई, ट्रांसपोर्टर, मिस्त्री तथा तकनीकी कार्यो से जुड़े लोगों ने अपने औजारों की विधिवत पूजा-अर्चना की। नगर में ट्रक मालिक संघ की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर तथा दूसरे संगठनों की ओर से वीर स्तम्भ चौक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, अंबेडकर चौक, राजमहल चौक, नगर पालिका सहित अन्य स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियां स्थापित की गई। पंडालों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाया गया था। जहां बुधवार को तकनीकी कार्यो से जुड़े व्यक्तियों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। बताया रहा है कि 18 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## भाजपा सरकार का कमर तोड़ बिजली बिल, महतारी वंदन के 1000 पर पड़ रहा भारी: चोवाराम साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



प्रदेश की पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली दर से राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही घरेलू बिजली दरों में की गई वृद्धि अब गांव, गरीब और किसानों पर भारी पड़ती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि जो उपभोक्ता कांग्रेस शासनकाल में आधे बिजली बिल का भुगतान कर राहत महसूस करते थे, अब उन्हें दोगुने से भी अधिक राशि चुकानी पड़ रही है। इससे उपभोक्ताओं में खासा आक्रोश और असंतोष का माहौल बन गया है। कवर्धा कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने इस संदर्भ में अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां सीधे-सीधे आम जनता के खिलाफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महज दिखावे के लिए महतारी वंदन योजना का बखान करती है और इसे महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक मजबूती का माध्यम बताती है, लेकिन हकीकत इसके उलट है। श्री साहू ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली 1000 रुपए की राशि भी अब बढ़े हुए बिजली बिल के भुगतान के लिए अपर्याप्त साबित हो रही है। ग्रामीण और निम्न वर्गीय परिवारों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक ओर महंगाई पहले से ही उनकी कमर तोड़ रही है, दूसरी ओर बिजली बिल का बोझ उन्हें और परेशान कर रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की मंशा महिलाओं को वास्तविक लाभ देने की नहीं है। कांग्रेस शासनकाल की हाफ बिजली बिल योजना को बंद कर और घरेलू बिजली दरों में बढ़ोतरी कर, सरकार ने उपभोक्ताओं से वसूली करने का नया तरीका निकाल लिया है।

